श्रावण मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 209, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 29 अगस्त 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान के नदीम को हराया

## विश्व एथलेटिक्सः नीरज चोपड़ा ने भारत के लिए पहली बार जीता स्वर्ण पदक

**बुडापेस्टः भारत** के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने सोमवार तड़के इतिहास रचते हुए विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में पाकिस्तान के अरशद नदीम को एक मीटर से भी कम अंतर से हरा दिया। नीरज ने अपने दूसरे प्रयास में 88.17 मीटर का अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया और अंत तक अपनी बढ़त बरकरार रखने में सफल रहे। 87.82 मीटर के साथ राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन नदीम को रजत पदक मिला। चेक गणराज्य के जैकब वाडलेज्च ने 86.67 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक हासिल किया। किशोर जेना (सर्वश्रेष्ठ 84.77 मीटर) पांचवें स्थान पर रहे जबकि डीपी मनु (सर्वश्रेष्ठ 84.14 मीटर) छठे स्थान पर रहे।

अब, भारत के पास विश्व चैंपियनशिप में सभी रंगों के पदक हैं। पिछले साल रजत पदक हासिल करने के बाद विश्व चैंपियनशिप में यह नीरज का दूसरा पदक है। उनके दो पदकों से पहले, भारत की आखिरी पदक विजेता 2003 विश्व



चैंपियनशिप में अंजू बॉबी जॉर्ज थीं, जिन्होंने महिलाओं की लंबी कूद में कांस्य पदक जीता था। पहले दौर के प्रयासों में फिनलैंड के ओलिवर हेलैंडर ने 83.38 मीटर के थ्रो के साथ बढ़त बना ली। नीरज चोपड़ा का पहला थ्रो फाउल था, जिससे उन्हें ऐसी शुरूआत मिली जो वह नहीं चाहते थे। किशोर जेना और डीपी मनु का पहला थ्रो क्रमशः 75.70 मीटर और 78.44 था। दूसरे दौर के प्रयासों में चेक गणराज्य के जैकब वाडलेज्च ने 84.18 मीटर के थ्रो के साथ शुरूआत की। हालाँकि, नीरज खराब शुरूआत से उबरते हुए 88.17 मीटर के जबरदस्त थ्रो के साथ बढ़त बना ली। मनु का दूसरा प्रयास फाउल रहा. जेना का दूसरा थ्रो 82.82 मीटर का था और वह उन्हें पांचवें स्थान पर ले गया। दूसरे दौर के प्रयासों के बाद नीरज 88.17 मीटर के साथ शीर्ष पर रहे। प्रयासों का तीसरा दौर शुरू हुआ और नीरज ने 86.32 मीटर का थ्रो दर्ज किया, जो प्रतियोगिता में अब तक का दूसरा सर्वश्रेष्ठ है। वह अपनी बढ़त बरकरार रखने में कामयाब रहे। हालाँकि, 87.82 मीटर के विशाल थ्रो के साथ, पाकिस्तान के राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन अरशद नदीम दूसरे स्थान पर पहुँच गए। उन्होंने अपना सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो रिकॉर्ड किया। 83.72 मीटर के तीसरे प्रयास के साथ, मनु अभी भी पांचवें स्थान पर थे। जेना का तीसरा प्रयास फाउल रहा और वह सातवें स्थान पर रहे. तीसरे प्रयास के अंत में नीरज 88.17 के साथ शीर्ष पर रहे। जेना का चौथा प्रयास 80.19 मीटर था और प्रयासों के चौथे दौर की शुरूआत में वह सातवें स्थान पर रहीं। मनु का चौथा प्रयास फाउल रहा, जिससे वह पांचवें स्थान पर रहे।

## पीएम मोदी ने 51 हजार से अधिक युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र, कहा- सरकार के प्रयासों से बढ़ रहे अवसर

# युवाओं को नौकरी की सौगात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में आयोजित आठवें रोजगार मेला में 51 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस दशक में भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं जब यह गारंटी देता हूं तो पूरी जिम्मेदारी से निभाता हूं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

'आप इस अमृतकाल के जन और अमृतरक्षक भी हैं': पीएम मोदी ने हैदराबाद में आयोजित आठवें 'रोजगार मेला' को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के इस अमृतकाल में आज जिन युवाओं को नियुक्ति पत्र मिल रहा है, वो देश की सेवा के साथ-साथ देश के नागरिकों की रक्षा भी करेंगे। इसलिए एक तरह से आप इस अमृतकाल के जन और अमृतरक्षक भी हैं।

'देश गर्व और आत्मविश्वास से भरा हुआ है': प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार रोजगार मेले का यह आयोजन एक ऐसे माहौल में हो रहा है, जब देश गर्व और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। हमारा चंद्रयान और उसका रोवर प्रज्ञान लगातार चंद्रमा से ऐतिहासिक तस्वीरें भेज रहा है। ऐसे समय में आप अपने जीवन की सबसे महत्वपूर्ण यात्रा शुरू करने जा रहे हैं।

'आपके जरूरतों के प्रति हमारी सरकार बहुत गंभीर रही है': पीएम मोदी ने कहा कि सेना में आकर सुरक्षा बलों के साथ जुड़कर, पुलिस सेवा में आकर हर युवा का सपना होता है वो देश की रक्षा का प्रहरी बने। इसलिए आप पर बहुत बड़ा दायित्व होता है। इसलिए आपके जरूरतों के प्रति भी हमारी सरकार बहुत गंभीर रही है।

'आवेदन से लेकर चयन तक की प्रक्रिया में तेजी लाई गई'

प्रधानमंत्री ने कहा कि आवेदन से लेकर चयन तक की प्रक्रिया में तेजी लाई गई है। अर्धसैनिक बलों में भर्ती के लिए होने वाली परीक्षा अब 13 स्थानीय भाषाओं में भी करायी जा रही है। इस बदलाव से लाखों युवाओं के लिए रोजगार पाने के अवसर खुल गए हैं।

'विकास की नई ऊंचाई छू रहा यूपी': पीएम मोदी ने कहा कि कभी यूपी विकास के मामले में बहुत पीछे था और अपराध के मामले में बहुत आगे था, लेकिन अब कानून का राज स्थापित होने से यूपी विकास की नई ऊंचाई छू रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ने के लिए ये जरूरी है कि देश के हर सेक्टर का विकास हो। फूड से लेकर फार्मा तक, स्पेस से लेकर स्टार्टअप तक, जब हर सेक्टर आगे बढ़ेगा तो अर्थव्यवस्था भी आगे बढ़ेगी।




### पीएम मोदी ने निभाया अपना वादा

**वहीं,** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि पीएम मोदी ने देशवासियों से 10 लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था। उसी क्रम में आज प्रधानमंत्री के बटन दबाते ही 51 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र बांट दिए जाएंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ये नियुक्त पत्र प्राप्त करने वाले उम्मीदवार देश के विभिन्न-विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में फैले हुए हैं। आज की नियुक्तियां अधिकतर पुलिस बलों में की जा रही हैं।

### आज इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास हो रहा: मोदी

**भारत** में आज इंफ्रास्ट्रक्च र का तेजी से विकास हो रहा है। पिछले नौ साल में केंद्र सरकार ने 30 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा इंफ्रास्ट्रक्च र पर खर्च किए हैं। 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र पर चलते हुए भारत सरकार भी 'मेड इन इंडिया' लैपटॉप, कंप्यूटर जैसे प्रॉडक्ट्स खरीदने पर जोर दे रही है। इससे मैन्युफैक्च रिंग भी बढ़ी है और युवाओं के लिए रोजगार के नए मौके भी बन रहे हैं। पीएम ने आगे कहा कि पिछले नौ वर्षों के हमारे प्रयासों से परिवर्तन का एक और नया दौर दिखने लगा है। पिछले साल भारत ने रिकॉर्ड एक्सपोर्ट किया। ये संकेत है कि दुनियाभर के बाजारों में भारतीय सामानों की डिमांड लगातार बढ़ रही है।पीएम ने कहा कि 2030 तक हमारी अर्थव्यवस्था में टूरिज्म सेक्टर का योगदान 20 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा होने का अनुमान है। माना जा रहा है कि अकेले इस इंडस्ट्री से 13 से 14 करोड़ लोगों को नए रोजगार की संभावना बढ़ने वाली है।

## नारी शक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में तेजी आयी है: धामी

**देहरादूनः मुख्यमंत्री** आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में सोमवार को आयोजित रक्षाबंधन समारोह में प्रदेश की विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को रक्षा सूत्र बांधा। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि रक्षा बंधन भाई-बहन के पवित्र बंधन का त्योहार है। रक्षाबंधन महिलाओं के सम्मान का भी पर्व है। उन्होंने कहा कि यह पर्व पौराणिक एवं सांस्कृतिक महत्व का पर्व भी है। मुख्यमंत्री धामी ने



कहा कि आज हमारी नारीशक्ति ने अपने कार्यों और आत्मविश्वास से स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। राज्य में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

### मेट्रो पॉलिटन कोर्ट ने तेजस्वी यादव को भेजा समन

**अहमदाबादः अहमदाबाद** की मेट्रो पॉलिटन कोर्ट ने सोमवार को बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को समन जारी किया है। मामला गुजरातियों को ठग कहने से जुड़ा है।

समन में उन्हें 22 सितंबर को कोर्ट में पेश होने को कहा गया है। अदालत में इस मामले पर सुनवाई हुई। उनके इस बयान पर अब तक कुल 15 गवाहों की गवाही दर्ज की जा चुकी है। शिकायतकर्ता ने तेजस्वी के वीडियो का असली सबूत एक निजी समाचार चैनल से लेकर भी कोर्ट में पेश किए हैं।

## जी-20 में भाग लेने भारत पहुंचेंगे कनाडा के पीएम



**ओट्टावाः कनाडा के** प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अगले माह भारत में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने पहुंचेंगे। ट्रूडो ने जी-20 सम्मेलन में अपने शामिल होने की पुष्टि करने के साथ ही यूक्रेन को इसमें शामिल नहीं किये जाने को लेकर निराशा व्यक्त की है। यूक्रेन को शामिल न करने पर निराशा सम्बन्धी कनाडाई पीएम की यह टिप्पणी भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के उस बयान के बाद की है, जिसमें कहा गया था कि नौ अन्य पर्यवेक्षक देशों को निमंत्रण मिलने के बावजूद यूक्रेन को पर्यवेक्षक राष्ट्र के रूप में बैठक में आमंत्रित नहीं किया जाएगा। हाल ही में यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ टेलीफोन पर बातचीत में ट्रूडो ने यह सुनिश्चित करने का वादा किया कि कीव की चिंताओं पर उचित ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा था कि महत्वपूर्ण वैश्विक आर्थिक मंच से गैरमौजूदगी के बावजूद दुनिया यूक्रेन के साथ खड़ी है। ट्रूडो ने जेलेंस्की से कहा कि वे जी-20 समिट में शामिल होंगे, लेकिन उन्हें निराशा है कि यूक्रेन को इसमें शामिल नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे यूक्रेन के लिए दृढ़ता से बोलेंगे।

उन्होंने कहा कि कनाडा यह सुनिश्चित करना जारी रखेगा कि दुनिया यूक्रेन के साथ खड़ी हो। यूक्रेन भी कनाडा के समान है। उन्होंने जल्द ही यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से दोबारा बात करने के लिए उत्सुक होने की बात भी कही।

## चंद्रयान-3: प्रज्ञान रोवर को मिला चार मीटर चौड़ा गड्ढा

**नई दिल्लीः चंद्रयान-3** मिशन को लेकर एक अपडेट सामने आया है। सोमवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक्स पर जानकारी साझा की है कि 27 अगस्त को रोवर को अपने स्थान से 3 मीटर आगे स्थित 4 मीटर व्यास वाला गड्ढा मिला। रोवर को पथ पर वापस जाने का आदेश दिया गया। यह अब सुरक्षित रूप से एक नए रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। इससे पहले रविवार को विक्रम लैंडर में लगे पेलोड ने चंद्रमा की सतह पर तापमान की जानकारी दी थी। चांद के दक्षिणी ध्रुव में अब प्रज्ञान ने खुदाई शुरू कर दी है। इस दौरान तापमान में बाहर और सतह के नीचे काफी अंतर देखने को मिला है, जिससे वैज्ञानिक हैरान हैं। चंद्रमा का तापमान 70 डिग्री सेल्सियस है लेकिन सतह से 10 सेंटीमीटर के अंदर यह 50 डिग्री सेल्सियस है।



**अब नए रास्ते पर आगे बढ़ रहा है रोवर**

## यूपीः रक्षाबंधन पर माताओं व बहनों को सीएम योगी का तोहफा

# रोडवेज के साथ ही सिटी बसों में निशुल्क होगी यात्रा

**लखनऊः रक्षा** बंधन के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की माताओं एवं बहनों को सरकार की ओर से शुभ उपहार भेंट किया है। सीएम ने प्रदेश भर में यूपी रोडवेज और सिटी बसों में 29 अगस्त की रात 12 बजे से लेकर 31 अगस्त की रात 12 बजे तक महिलाओं की यात्रा निशुल्क करने का आदेश दिया है। इस आदेश के बाद निश्चित समयावधि में प्रदेश में कहीं भी जाने के लिए महिलाओं को रोड़वेज टिकट नहीं लेना होगा, जबकि सिटी के अंदर भी सिटी बसों में उनका किराया देय नहीं होगा। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद परिवहन निगम और नगरीय परिवहन निदेशालय की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं।



विभागों की ओर से निर्देश जारीः परिवहन निगम की ओर से जारी आदेश में कहा गया है की विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रक्षाबन्धन पर्व के सुअवसर पर परिवहन निगम की समस्त बसों में महिलाओं को दिनांक 29 अगस्त की रात 12:00 बजे से 31 अगस्त की रात्रि 12:00 बजे तक निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान किए जाने का शासन स्तर पर निर्णय लिया गया है।

परिवहन निगम की समस्त बसों में इस दौरान महिलाओं को किराया देय नहीं होगा। इस सुविधा का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं को मिले इसके लिए प्रचार-प्रसार हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। वहीं नगरीय परिवहन निदेशालय ने भी निर्देश दिया गया है।

## सीएम योगी आदित्यनाथ की अगुआई में सुशासन और निवेश के परिदृश्य में उत्तर प्रदेश द्वारा किए गए प्रयासों की पीएम मोदी ने की तारीफ

# 'योगीराज' में विकास की गाथा लिख रहे उत्तर प्रदेश को पीएम ने सराहा

**लखनऊः देश-विदेश** में 'भारत के नए ग्रोथ इंजन' के तौर पर ख्याति बटोर रहा उत्तर प्रदेश तेजी से वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य को प्राप्त करने की ओर बढ़ चला है। प्रदेश ने सीएम योगी के कुशल मार्गदर्शन में कानून के राज और सुरक्षा के वातावरण को स्थापित करने का जो कार्य किया है यह उसका ही परिणाम है कि आज प्रदेश निवेश के लिहाज से भी 'मोस्ट फेवरेबल डेस्टिनेशन' बना हुआ है। उत्तर प्रदेश की इसी विकासगाथा की पीएम नरेंद्र मोदी ने भी जमकर तारीफ की है। यूपी में आयोजित रोजगार मेले के आयोजन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने विकास के उत्तर प्रदेश मॉडल के जरिए देश के कई अन्य राज्यों में फैली अराजकता को भी निशाने पर लिया। उत्तर प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ की अगुआई में जिस प्रकार राज्य तरक्की कर रहा है उससे सीख लेने की नसीहत देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कभी यूपी विकास के मामले में बहुत पीछे और अपराध के मामले में आगे था मगर अब कानून का राज स्थापित होने से विकास की नई ऊंचाई छू रहा है। सुरक्षा का वातावरण, कानून का राज ही विकास की रफ्तार की कुंजि है और यूपी से बेहतर इस बात का उदाहरण कौन सा राज्य हो सकता है।



पीएम बोले, विकास तभी संभव जब भयमुक्त माहौल होः यूपी में आयोजित रोजगार मेले के आयोजन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आज उत्तर प्रदेश निवेश समेत उन्नति की नई ऊंचाइयों को छू रहा है क्योंकि यहां लोगों में सुरक्षा की भावना है, अपराध पर लगाम लगी है और भयमुक्त समाज नई उड़ान की ओर अग्रसर है।

कानून व्यवस्था का ऐसा शासन लोगों में विश्वास पैदा करता है। कानून का राज स्थापित होने से ही यूपी विकास की नई ऊंचाई छू रहा है। यह बात समझनी होगी कि अगर आपको प्रदेश में निवेश लाना है जो सुरक्षा को पहली प्राथमिकता देनी होगी जैसे उत्तर प्रदेश ने दी।

## बीजेपी करा सकती है समय से पहले लोकसभा चुनावः ममता

**कोलकाताः बंगाल की** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया है। सीएम ममता बनर्जी ने दावा करते हुए कहा कि भाजपा दिसंबर 2023 में ही लोकसभा चुनाव करा सकती है।

उन्होंने बताया कि बीजेपी ने चुनाव में प्रचार के लिए हेलिकॉप्टर भी बुक कर लिए हैं। ममता बनर्जी ने ये बयान टीएमसी युवा विंग की एक रैली में दिया।

दिसंबर 2023 में चुनाव करा सकती है बीजेपीः

ममता बनर्जी ने टीएमसी युवा विंग की रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर बीजेपी लगातार तीसरी बार देश की सत्ता में लौटती है तो देश को तानाशाही शासन का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने रैली के दौरान दावा करते हुए कहा कि मुझे आशंका है कि बीजेपी समय से पहले दिसंबर 2023 में ही लोकसभा चुनाव करवा सकती है।



# केन्द्रीय मंत्री ने ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, फाफामऊ में सशस्त्र बलों के कुल 600 चयनित उम्मीदवारों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र

**केन्द्रीय मंत्री ने नव नियुक्त उम्मीदवारों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें राष्ट्र के प्रति सत्यनिष्ठा, सेवा एवं समर्पण की भावना के साथ अपने नये दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लेने को कहा**

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सोमवार को केन्द्रीय सशस्त्र बलों में विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु 51106 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से देश के 45 प्रमुख स्थानों पर रोजगार मेला का आयोजन कर नियुक्ति पत्र सौंपा। इसी क्रम में ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, प्रयागराज में भी रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि डॉ० महेन्द्र नाथ पाण्डेय, केन्द्रीय मंत्री, भारी उद्योग, भारत सरकार थे। मुख्य अतिथि द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र बलों के कुल 600 चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इनमें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के सिपाही (सामान्य)-407, सीमा सुरक्षा बल के सिपाही (सामान्य)-29, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल-20, असम राईफल्स 35, भारत तिब्बत सीमा पुलिस-84, सशस्त्र सीमा बल 20 एवं एस०एस०एफ-05 थे। मुख्य अतिथि महोदय ने अपने उद्बोधन में देश के माननीय प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए उनके द्वारा देश के युवा पीढ़ी को रोजगार प्रदान करने के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने नव नियुक्त उम्मीदवारों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें राष्ट्र के प्रति सत्यनिष्ठा सेवा एवं समर्पण की भावना के साथ अपने नये दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लेने को कहा। मा केन्द्रीय मंत्री जी ने ग्रुप केन्द्र, प्रयागराज के पुलिस उप महानिरीक्षक, समस्त अधिकारियों एवं जवानों को रोजगार मेला के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु प्रशंसा की तथा उन्हें आगे भी ऐसे ही निष्ठा के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करने हेतु देश सेवा के प्रति संकल्पित रहने को कहा। कार्यक्रम में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। संजीव राय, पुलिस उप महानिरीक्षक, रेंज प्रयागराज ने मुख्य अतिथि महोदय का स्वागत किया तथा कार्यक्रम की मेजबानी ग्रुप केन्द्र, प्रयागराज के पुलिस उप महानिरीक्षक प्रभाकर त्रिपाठी ने की। इस अवसर पर प्रभाकर त्रिपाठी, पुलिस उप महानिरीक्षक ने भारत सरकार तथा मुख्य अतिथि महोदय के प्रति आभार व्यक्त किया और उम्मीदवारों को अपने ड्यूटी के प्रति सच्ची लगन, सत्य निष्ठा एवं पूर्ण ईमानदारी के साथ निष्पादित करने हेतु प्रेरित करते हुए उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु मुख्य अतिथि महोदय के साथ-साथ केन्द्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, प्रयागराज की प्रशंसा की।

## न्यूज झरोखा

### हर हर महादेव से गुंजायमान हुआ चनेथू चंद्रमौलेश्वर महादेव मंदिर



**जंघई।** सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ रही हर-हर महादेव के जयकारे लगाए गए। सोमवार को ब्रह्म मुहूर्त में शिवालयों के बाहर भक्तों की कतार लगने लगी थी सुबह चार बजे पुजारियों ने भगवान शिव का विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद शिवालयों के कपाट लिए खोल दिए इसके बाद श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।सावन मास के अंतिम सोमवार पर सभी शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक व पूजन-अर्चन कर उन्हें प्रसन्न किया पूरे दिन हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयघोष गूंजते रहे। चनेथू चंद्रमौलेश्वर महादेव मंदिर सहित लगभग सभी शिव मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ को भांग धतूरा, बेलपत्र, श्वेत मदार पुष्प,गन्ना आदि अर्पित करने के बाद दूध या जल से अभिषेक किया।

### संस्कारित बच्चे ही भारतीय संस्कृति के आधार



**सहसों।** क्षेत्र के महर्षि शांडिल्य पब्लिक स्कूल गुलालपुर में सोमवार को बैच सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के डायरेक्टर कृष्णा तिवारी ने किया। कार्यक्रम में प्रबंधक शिव प्रकाश तिवारी ने कहा कि बच्चों के सुनहरे भविष्य के एक आधार के साथ उनमें अच्छे संस्कार तथा भारतीय संस्कृति का समावेश जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील किया कि सभी बच्चों को समय से विद्यालय भेजन के साथ समय-समय पर उनका अवलोकन जरूर करें ताकि उनके शिक्षा के स्तर को जाना जा सके। प्रधानाचार्य मूलचंद ने बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए नियमित स्कूल के साथ अनुशासित होकर अध्ययन करने की बात कहीं। प्रबंधक ने कैप्टन सहित अन्य बच्चों को बैच प्रदान कर उज्जवल भविष्य कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक रमेश कुमार द्विवेदी, राजेश कुमार मिश्रा, महारानी दीन मिश्र आदि उपस्थित रहे।

### शंकरगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़े शातिर चोर, दो टुल्लू पंप बरामद




**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से दो टुल्लू पंप बरामद किया गया है। यह गिरफ्तारी एसआई संतोष कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि थाने की टीम ने सोमवार को क्षेत्र के लोहरा नहर के पास घेराबंदी कर दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्त में आए संदीप कहार उर्फ लाला पुत्र छोटे कहार (निवासी फूलतारा, शंकरगढ़ स्थाई पता ग्राम सोहागी, जिला रीवा, एमपी) और विजय बिंद पुत्र विश्राम बिंद (निवासी ग्राम फूलतारा, शंकरगढ़) के कब्जे से चोरी का दो टुल्लू पंप बरामद हुआ है। गिरफ्तारी और बरामदगी के बाद दोनों का धारा 379, 411 के तहत चालान भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कांस्टेबल प्रभुनारायण पांडेय, सिद्धार्थ मौर्य शामिल रहे।

### पत्रकार विकास परिषद द्वारा भव्य भंडारा का किया गया आयोजन



**नैनी।** नैनी पत्रकार विकास परिषद सदैव समाजिक कार्यों में एवं पत्रकारों की सुरक्षा हेतु अपनी भागीदारी निभाता आया है और इसी कड़ी में आज पत्रकार विकास परिषद प्रयागराज प्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा सावन के आखिरी आठवें सोमवार के उपलक्ष्य में बाबा श्री सोमेश्वर नाथ महादेव अरैल मंदिर प्रांगण में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे का आयोजन राष्ट्रीय सचिव प्रदेश प्रभारी डीके मिश्र एवं कोषाध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी मनोज मिश्रा.प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मंडल प्रभारी आशीष मिश्र.कार्यालय प्रभारी संदीप सिंह के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। भंडारे में परिषद से प्रदेश पूर्वांचल सचिव डॉ अरविंद कुमार.प्रदीप तिवारी.पीयूष सिंह. लवकुश सिंह मनीष.विपिन.पारस.गोलू.धीरज यादव सहित तमाम साथी उपस्थित रहे।

### कुप्रथा पर अंकुश सामूहिक प्रयास से ही संभव

**सहसों।** सिंगरामऊ गांव में रविवार को कुप्रथा एवं सामाजिक बुराइयों को लेकर बुद्धिजीवियों की बैठक में पूर्व प्रधान कृष्ण चंद्र दूबे ने कहा कि इसके लिए सामूहिक रूप से सबको प्रयास करना होगा तभी विभिन्न प्रकार के सनातन संस्कार में फैली कुप्रथा, दहेज रूपी दानव पर अंकुश लगाया जा सकता है। सेवानिवृत्ति इंस्पेक्टर जगदंबा प्रसाद दूबे ने कहा कि समाज के प्रबुद्ध वर्ग सामाजिक बुराइयों, वाह्यआडंबर के खात्मे लिए आगे आए तभी समाज में समरसता के साथ तरक्की भी होगी। कृष्ण बल्लभ द्विवेदी ने कहा लंबे समय से चली आ रही सामाजिक बुराई पर अंकुश लगाने के लिए हर व्यक्ति को अपने सोच में बदलाव लाकर सीमित खर्च में शास्त्र सम्मत अच्छे संस्कार के लिए प्रेरित करते हुए हर संभव एक दूसरे की मदद के लिए भी तत्पर रहना चाहिए।तभी सामाजिक कुप्रथा पर अंकुश के साथ सहयोग की भावना प्रबल होगी। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार शुक्ला, वेदमणि तिवारी, अधिवक्ता देवराज उपाध्याय, चिंतामणि शुक्ला, लालजी द्विवेदी, अनुराग शुक्ला, इंद्रमणि, जालपा प्रसाद द्विवेदी, शोभा नाथ मिश्रा, शिव शंकर दूबे आदि रहे।

# धरतीपुत्र मुलायम सिंह सभी जाति के लोगों को एक साथ संजोया था

अखंड भारत संदेश




**करछना।** समाजवादी पार्टी विधान सभा करछना की जोन नंबर 2 की जन पंचायत आर्यभट्ट विद्यालय डभाँव में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यमुना पार के जिला अध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने उपस्थित जोन सेक्टर व बूथ प्रभारियो को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय नेताजी ने पार्टी में विभिन्न जातियो एवं गरीबों को दर्जी के कपड़े की कतरन की तरह एकत्रित किया था जिसका परिणाम पार्टी ने 39 लोकसभा सीटे जीत कर कीर्तिमान स्थापित किया था। जिस तरह हर गरीब वर्ग कपड़े के कतरन को एकत्रित करके तकिया बनाते हैं ठीक उसी तरह हम कार्यकताओं को भी हर गरीब वर्ग को एकत्रित होकर एक साथ संविधान व लोकतंत्र को बचना चाहिए। विशिष्ट अतिथि एवं उपाध्यक्ष जयशंकर भारतीय ने बाबा साहेब के सपनों को साकार करने हेतु एवं संविधान की रक्षा हेतु गरीब एवं पिछडे दलित अल्पसंख्यक परिवारों से मिलकर उनके सुख-दुख में शामिल होना पड़ेगा। उपाध्यक्ष मोहम्मद इसराइल उर्फ पप्पू राम निरंजन विश्वकर्मा कृपाशंकर बिंद मंगला प्रसाद पाल तथा करछना प्रभारी जिला सचिव महेंद्र सरोज समाजवादी अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर उमेश यादव जिला कोषाध्यक्ष केशव प्रसाद विश्वकर्मा जिला सचिव कमलेश पुष्कर मजदूर नेता रामसेन विजय बहादुर पटेल जिला सचिव, राजेश यादव काशी प्रसाद धरकार सहित पार्टी के सेक्टर प्रभारी शिव यादव पप्पू परीक्षित पटेल अशोक भारतीय ब्लॉक अध्यक्ष चाका हौसला प्रसाद ज्ञान यादव आरिश सिद्दीकी सुधीर कुमार प्रधान अशोक कुमार पूर्व प्रधान डभाँव जगदीश यादव कप्तान इश्तियाक हैदर सहित पार्टी के पदाधिकारियो एवं कार्यकताओं ने अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुलाम सरवर ने की। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा करछना के अध्यक्ष ननकेश बाबू तथा महासचिव प्रदीप निषाद ने आज हुए अतिथियों को आभार व्यक्त किया।



# बीएमजी स्कूल में स्वनिर्मित राखी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**करछना।** के बी एम जी पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज बघेडा में रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर विद्यार्थियों की ओर से स्वनिर्मित राखी प्रतियोगिता सोमवार को आयोजित हुई। जिसमें विद्यालय के छात्र / छात्राओ ने उत्साह पूर्वक राखी प्रतियोगिता में शिरकत करके प्रतिभाग किया। वहीं स्वनिर्मित रंग बिरंगी राखियां दर्शनीय रही। विद्यार्थियों ने अनेक प्रकार की राखियां बनाकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रसन्नजीत बनर्जी ने बताया कि कक्षा से 1 से 3 तक में चित्रा मौर्या व कक्षा 4 से 7 तक में आकृति मौर्या तथा 8 वीं से 12वीं कक्षा तक हर्षवी सिंह प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही। वही कक्षा 1 से 3 तक में शिवांगी व 4 से 7 तक कक्षा में अक्षय सिंह तथा 8 वीं से 12वीं तक में देवांश सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। और कक्षा 1 से 3 तक में तन्मय शुक्ला व कक्षा 4 से 7 तक में श्रेया पटेल तथा 8 वीं से 12वीं कक्षा तक खुशबू तीसरे स्थान पर रही। विद्यालय के व्यवस्थापक व राखी प्रतियोगिता के संयोजक रहे धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि राखी प्रतियोगिता में विद्यालय के राधा कृष्ण पांडेय राजवेंद्र सिंह स्वाती सिंह पूजिता सिंह कात्यानी सिंह सुरेंद्र सिंह शिक्षक व शिक्षिकाओं के सहयोग से संपन्न हुआ।

### मलीपुर गांव में किसानो की समस्याओं को लेकर की गई बैठक

**रत्यौरा मोड़।** कोरांव तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा भोगन के गांव मलीपुर में कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह के द्वारा एक बैठक आहूत की गई जिसमें किसानों व गरीब मजदूर लोगों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जैसे बिजली की समस्याओं को लेकर कैनाल पंप नहर व आवारा पशुओं से किसानों को निजात दिलाने के लिए गांव के किसानों ने अपनी समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने के लिए कहा इसी प्रकार मलीपुर व भोगन के लोगों ने कहा कि अगर 2024 के पहले कैनाल पंप की स्थापना नहीं की गई तो फिर 2024 लोकसभा चुनाव में कैनाल नहीं तो वोट नहीं वोट बहिष्कार ग्राम सभा भोगन से कर दिया जाएगा और दिवाकर प्रताप सिंह ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर के किसने की सारी समस्याओं को उन तक पहुंचाएंगे और जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे जिसमे बड़ोखर क्षेत्र के किसानों को सुचारू रूप से बिजली नहर व आवारा पशुओं से निजात मिल सके जिसमे मुख्य रुप से कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह, कोराव विधानसभा अपना दल एस प्रत्याशी विधायक शिव बालक कोल , ग्राम प्रधान भोगन विजय बहादुर सिंह, रामकरण कोल बीडीसी, जय सिंह, बालमीक सिंह, इंद्रपाल सिंह समाजसेवी, पवन कुमार सिंह, जवाहरलाल सिंह, राज नारायण सिंह, भीमसेन सिंह समाजसेवी,अरुण कुमार सिंह, व समस्त ग्राम वासी मौजूद रहे।

### घर के सामने बांधी गई पांच बकरियों को चोर उठा ले गए थाने में दी गई तहरीर

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाका के हरख पुर कलुआ पुर में एक परिवार घर के सामने रात में अपनी पांच बकरियो को बांध कर सो गया जब सुबह उठा तो पांचों बकरियां को चोर चोरी कर ले गए थे। भुक्तभोगी ने थाने में अज्ञात में तहरीर दी है। मऊआइमा थाना अंतर्गत हरखपुर(कलुआपुर)गांव निवासी मोतीलाल गुप्ता पुत्र दुन्ने लाल गुप्पत अपनी पांच बकरियां रात को घर के सामने बांध कर सपरिवार सो गए। जब सोमवार को सुबह उठे तो पांचों बकरियां नदारद थी। जिसकी कीमत लगभग चालिस हजार बताई गयी है। मोतीलाल गुप्ता ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मऊआइमा थाने में तहरीर दी है।

# निपुण लक्ष्य कार्यक्रम के तहत प्रा. विद्यालय चिल्ला में लगायी गयी शिक्षा चौपाल

अखंड भारत संदेश




**जसरा।** प्राथमिक विद्यालय चिल्ला गौहानी में खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में शिक्षा चौपाल लगाकर उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु किये जा रहे प्रयासों को जन- जन तक पहुंचाया गया! कार्यक्रम कि सुरुवात खंड शिक्षा अधिकारी व जिला पंचायत सदस्य बृजेश यादव द्वारा माँ सरस्वती कि प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन बबिता वर्मा नें किया। शिक्षा चौपाल में आये बच्चों के अभिभावक व अतिथियों को ए आर पी सतीश कुशवाहा नें निपुण भारत कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए, बच्चों को निपुण बनानें के लिये अभिभावकों को जानकारी दी।निपुण भारत का मुख्यतः मतलब हिंदी और गणित में बच्चों को निपुण बनाना है, बच्चों को निपुण बनाने में घर पर अवसर देने कि बात कही!खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा नें डीबीटी कार्यक्रम के कायाकल्प 19 बिन्दुओ से विद्यालय के संतृप्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों की समस्या का समाधान किया!ग्राम सभा के ग्राम विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह नें कहा कि कायाकल्प के सभी कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराये जायेंगे!विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम तिवारी नें विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने में अभिभावकों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि यह विद्यालय के शिक्षकों का विद्यालय के प्रति समर्पण का प्रतिफल है कि आज प्राथमिक विद्यालय चिल्ला में बच्चों की औसत उपस्थित 80%रहती है! बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया नुक्कड़ नाटक आकर्षण का केंद्र रहा सभी नें उसकी बहुत प्रशंसा की, शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले, चिल्ला कि सहायक अध्यापक सुनीता व बबुरी की सहायक अध्यापक सरिता देवी को प्रशस्ति पत्र देकर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।इस अवसर पर ए आरपी प्रमोद मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, महेन्द्र प्रताप सिंह,नीरू सिंह, बबिता वर्मा, शिव कुमारी, पवित्र सिंह, सुधांशु मिश्रा, कमलाकार सिंह ,उदयवीर यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# आरपीएफ ने रेलवे टिकट दलाल को दबोचा बना रखी थी 88 यूजर आईडी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** आने वाले दिनों में त्योहारी सीजन को देखते ही ई टिकट के दलाल एक बार फिर से सक्रिय हो गए हैं। सोमवार को आरपीएफ प्रयागराज ने एक ऐसा दलाल पकड़ा जो अलग-अलग 88 पर्सनल यूजर आईडी से लोगों की ई टिकट बनाकर उसे बेचता था। आरपीएफ के पास जब मुख्यालय से इसकी सूचना आई तो सर्विलांस की मदद से उसे दबोच लिया गया। सोमवार को ही उसे जेल भी भेज दिया गया।आरपीएफ द्वारा ह्यऑपरेशन उपलब्ध ह्न अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आरपीएफ को मुख्यालय से सूचना मिली कि खुल्दाबाद क्षेत्र में कोई ई टिकट दलाल अलग-अलग यूजर आईडी से रेल टिकट बनाकर लोगों को बेच रहा है। सूचना मिलते ही आरपीएफ प्रभारी शिव कुमार सिंह ने एक टीम का गठन कर सर्विलांस की मदद से संबंधित दलाल को पकड़ने की योजना बनाई। एसआई गौरव के नेतृत्व में टीम ने चकिया, जीटीबी नगर, थाना खुल्दाबाद से इमरान नाम के युवक को उसकी दुकान से दबोचा।उसके पास भूत एवं भविष्य के टिकटों सहित संबंधित कंप्यूटर आदि को बरामद किया गया। आरपीएफ प्रभारी ने बताया कि पूछताछ के बाद उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसने अलग-अलग नाम से 88 यूजर आईडी बना रखी थी। एक आईडी से वह न्यूनतम छह टिकट एक महीने में निकाल सकता था। कहा कि उसकी सभी आईडी की सूचना मुख्यालय से प्राप्त हुई थी। वह इन आईडी से तत्काल/रिजर्वेशन टिकट निकालकर टिकट से ज्यादा पैसा लेकर, आम यात्रियों को अवैध रूप से बेचता था। इसके पूर्व 2019 में भी टिकटों के इसी तरह के अवैध धंधे में इसे आर पी एफ पकड़ चुकी है। फिलहाल इमरान को जेल भेज दिया गया है।

# ईश्वर का मार्ग ही मोक्ष का मार्ग है : बृजबिहारी दास

अखंड भारत संदेश

**श्रीमद भागवत कथा में चौथे दिन बालकृष्ण की जन्म लीला, अजामिल उद्धार और नर्क की संख्या का हुआ वर्णन**



**मेजा।** क्षेत्र के गुनई गहरपुर गांव में चल रही श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन पहड़ी महादेव के पुजारी बृजबिहारी दास जी महाराज ने कथा का वाचन करतें हुए बताया कि चराचर जगत में कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं है जो माया को पकड़ सके। बल्कि सभी जीवों को माया नें ही जकड़ रखा है। प्रसंग सुनाते हुए बताया कि जब वसुदेव जी भगवान श्री कृष्ण को गोकुल में छोड़ कर वहां से योग माया को लेकर आए तो कंस ने उसे पकड़ कर मारना चाहा परन्तु वह उससे छूट कर आकाश में स्थित हो गई और कंस के काल के जन्म की घोषणा की जिसे सुनकर कंस भयभीत रहने लगा। गोकुल में नन्द बाबा-जयोदा के यहां पुत्र जन्म के समाचार मिलते ही समस्त ब्रज मंडल के हर्ष और आनन्द का माहौल हो गया और नन्द भवन में भगवान का जन्म महोत्सव मनाया गया। कथा के दौरान उन्होंने बडे ही रोचक तरीके से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। यदुवंशियों के कुल पुरोहित गगार्चार्य द्वारा भगवान श्रीकृष्ण और बलराम जी के नाम करण, माता जशोदा द्वारा भगवान श्री कृष्ण को रस्सी द्वारा उलूख में बांधने से भगवान का नाम दामोदर पड़ने और उसे उलूख से कुबेर के पुत्र जो नन्द भवन में पेड़ बन कर खड़े हुए थे अपने निज स्वरूप में आने की कथा को विस्तार से सुनाया गया। भगवान श्री कृष्ण की मथुरा लीला के प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान के मथुरा आने पर भगवान द्वारा धोबी के अभिमान को चुर करना तथा दर्जी एवं सुदामा माली से स्वागत प्राप्त कर उन्हें धन्य करना एवं कुब्जा द्वारा चन्दन प्राप्त कर उसे सर्वांग सुन्दरी बनाने के प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान को जो भाव से थोड़ा देता है उसे भगवान संपूर्ण एश्वर्य प्रदान कर देता है। कथा के दौरान कंस द्वारा भगवान श्री कृष्ण एवं बलराम को मारने की योजना को विफल करते हुए भगवान ने कुवलियापीड़ हाथी को खेल ही खेल में मार कर युद्ध भूमि में प्रवेश किया। कंस के सैनिक चाणुर एवं मुष्ठिक को मारकर पापी कंस को उसके किए हुए एक-एक पाप को याद कराकर उसका अन्त किया। उन्होंने बताया कि जब कभी कोई पापी के पाप अत्यधिक बढ जाते है तो भगवान उन्ही पापों को माध्यम बनाकर अपनी लीला से ही उस पाप का अन्त कर देते है। कथा वाचक ने अजामिल उद्धार की कथा को बताते हुए कहा कि श्रीमद भागवत की यह कथा बताती है कि ईश्वर का मार्ग ही मोक्ष का मार्ग है।अंततः ईश्वर के ही पास जाना है। तय करना होगा कि यमदूत हमें रस्सियों में बांधकर घसीटते हुए ले जाएं या सम्मान के साथ प्रभु शरण प्राप्त हो। ईनहाने नरक की संख्या के बारे में विस्तार से बताया।कहा कि जैसा कि हम जानते हैं कि हिंदू समाज कई जातियों और उपजातियों में बंटा हुआ है, उसी तरह हिंदुओं के नरक के भी कई उपविभाजन हैं। हिंदू धर्मग्रंथों में 4, 7, 21 और 28 प्रकार के नरकों का वर्णन है।मनुष्य द्वारा किए गए पापों की कैटेगरी के हिसाब से नरक मिलता है।उन्होंने बताया कि को मनुष्य एकादशी व्रत को लगातार 10 वर्ष तक पूरा करे उसका अंत एकादशी के दिन ही होता है।कथा का आयोजन स्व.प्रेमसागर और स्व.करुणासागर के श्राद्ध के उपलक्ष्य में किया गया है।कथा के मुख्य यजमान श्रीमती अनार कली पत्नी स्व.प्रेमसागर दुबे, श्रीमती जय देवी पत्नी स्व.करुणासागर दुबे और विद्यासागर दुबे ने सपत्नीक द्वारा आरती की गई।तत्पश्चात प्रसाद वितरण हुआ।कथा के दौरान भजन गायक शिवम तिवारी,तबके पर पवन गर्ग और हर्ष त्रिपाठी ने संगीतमय भजन प्रस्तुत कर कथा को रोचक बना दिया। कथा के आयोजक गणों में अनिल, सुनील, कुलदीप, धीरज, शिवम, उत्सव, सत्यम तिवारी, रमेश चंद्र, शुभम, कमलाकांत और ऋषभ का योगदान सराहनीय रहा। कथा में राजेंद्र प्रसाद तिवारी,मंगला तिवारी, लालबली दुबे,बीरेंद्र यादव, रामजी तिवारी,संजय तिवारी,संजय पाठक सहित भारी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।






# छेड़खानी के विरोध पर चचेरे भाई की हत्या, पुलिस कर रही जांच पड़ताल

अखंड भारत संदेश

**खीरी प्रयागराज।** खीरी बाजार में एक हाई स्कूल के छात्र को अपने चचेरी बहन से छेड़खानी करने का विरोध करने पर कुछ मनचलों ने पीट-पीट कर मार डाला' सूचना पर पहुंची खीरी पुलिस शव को तत्काल हटाते हुए प्रयाग राज भेज दिया। उसके विरोध में ग्रामीणों ने खीरी चौराहे पर चक्का जाम कर दिया। वहां पर हजारों की संख्या में ग्रामीण पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे लगाते रहे। जिसमें मृतक के परिजन चौराहे पर रोते बिलखते रहे। वही साथ में स्कूल से आ रही चचेरी बहन रिया पुत्र गेंदालाल ने रोते बिलखते बताया कि उक्त मनचले ने हमसे छेड़खानी कर रहे थे हाथ पकड़ कर खींच रहे थे जिसका विरोध मेरा भाई किया जिससे गुस्साए मनचले ने हमारे भाई को पीट-पीट कर मार डाला। मृतक सत्यम पुत्र मनोकामना शर्मा उम्र लगभग 16 वर्ष अपने पांच भाइयों में सबसे छोटा था,मौके पर मौजूद चक्का जाम कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि तत्काल सव को ले आया जाए ।वहीं आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए । मामले में थाना अध्यक्ष खीरी नवीन कुमार सिंह का कहना है कि उस समय सत्यम का सांस चल रहा था मैं उसे इलाज के लिए अपने सरकारी वाहन से प्रयागराज भेज दिया हूं। वहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित करते हुए शव को पुलिस को सौंप दिया शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। गुस्सायें ग्रामीणों का कहना है कि मामले में खीरी प्रधान मोहम्मद यूसुफ भी शामिल है उनको मौके पर चक्का जाम में शामिल होना चाहिए वहीं खीरी पुलिस के अनुसार मोनिस पुत्र नियाज अहमद निवासी खीरी को गिरफ्तार किया गया है और कई अन्य मौके से फरार हो गए' बताते चलें कि मृतक सत्यम परमानंद स्मारक इंटर कॉलेज डिहार का छात्र था।





# गृहकर कैम्प में कर निस्तारण की लगी होड़

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज द्वारा वार्डवार स्वकर-निर्धारण कैम्पों में गृहकर दाताओं द्वारा अपने भवन के स्वकर निर्धारण कार्यवाही प्रगति पर है। जिसके क्रम में आज दिनांक 28 अगस्त 2023 कों जोन-1 खुल्दाबाद में 14 भवनों की वसूली रू0 32860.00 जमा हुई तथा निपटाई गई स्वकर निर्धारण आवेदन की संख्या 18 रही। जोन-3 कटरा में 68 भवनों की वसूली रू0 278524.00 जमा हुई तथा निपटाई गई स्वकर निर्धारण आवेदन की संख्या 32 रही। जोन-4 अल्लापुर में 32 भवनों की वसूली रू0 170480.00 जमा हुई तथा निपटाई गई स्वकर निर्धारण आवेदन की संख्या 55 रही। तथा जोन-5 नैनी में 15 भवनों की वसूली रू0 62575.00 जमा हुई तथा निपटाई गई स्वकर निर्धारण आवेदन की संख्या 18 रही। इस प्रकार कुल 129 भवनों की कुल वसूली रू0 5,44,439.00 तथा प्राप्त स्वकर निर्धारण आवेदन की संख्या 125 प्राप्त हुई।



### 29 अगस्त 2023 को वार्डवार कैम्प की सूचना

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0 द्विवेदी द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार दिनांक 29 अगस्त 2023 को सभी नगर वासियों के सुविधा के दृष्टिगत नगर निगम प्रयागराज के सभी जोन कार्यालय में स्वकर निर्धारण हेतु कैम्प का आयोजन किया गया है जो निम्नवत है जोन 1 खुल्दाबाद में- वार्ड 63 करैलाबाग पार्कव्यू अपार्टमेन्ट, जोन 2 गऊघाट में- वार्ड 62 मालवीय नगर कल्याणी देवी मन्दिर के सामने, जोन 3 कटरा में-वार्ड 38 कर्नलगंज कर्नलगंज थाना के पास, जोन 4 अल्लापुर में- वार्ड 27 आजाद स्क्वायर प्राइमरी स्कूल नगर निगम आजाद स्क्वायर, वार्ड 35 एलनगंज ऐनीबेसेण्ट पुलिस चौकी बघाड़ा, जोन 5 नैनी में- वार्ड 30 चकदोंदी बाबा गार्डेन चकदोंदी नैनी।

# देवराज यादव बने सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष

**सोरांव।** रविवार को प्रयागराज जिले के सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव बहुत ही शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिसमें देवराज गुट के प्रत्याशियों ने जिले में परचम लहराए। जानकारी के अनुसार रविवार को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के तत्वाधान में आयोजित द्विवार्षीय चुनाव सरदार पटेल संस्थान चुंगी प्रयागराज के परिसर में संपन्न हुई। जिसमें जिला अध्यक्ष पद के उम्मीदवार देवराज यादव ने 693 मत पाकर अपने निकटतम प्रतिबंध को 131 मतों से पटखनी दी। तो वहीं जिला मंत्री पद पर तेज बहादुर भारतीय ने 640 मत पाकर अपने प्रतिद्वंदी श्री राम को 39 मतों से हराया। तथा जिला कोषाध्यक्ष पद पर शिवराम कुशवाहा ने 626 मत प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंदी आनंद सोनकर को 56 मतों से पटखनी दिए । जिला संगठन मंत्री पद पर सोरांव ब्लॉक के यूसुफपुर ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मचारी व तेज तर्राक नेता गिरीश कुमार कुशवाहा उर्फ अकेला ने 629 मत पाकर अपने प्रतिद्वंदी गुलाबचंद गौतम को 9 मतों से पराजित किया। तथा जिला संप्रेक्षक पद पर रविंद्र प्रताप शर्मा ने 686 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 192 मतों के भारी अंतर से पराजित किया। वहीं चुनाव अधिकारी डी डी चौहान तथा अमित यादव ने अपने सहयोगियों के साथ बहुत ही अच्छे ढंग से चुनाव को संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाया। इसी जीत की खुशी में सोमवार ब्लॉक में तैनात सभी सफाई कर्मचारियों ने अपने विजेता साथी गिरीश कुमार कुशवाहा को फूल माला पहनकर भव्य स्वागत किया तथा जीत की मिठाई भी सभी लोग मिल जुल कर खाए। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार,अरुण कुमार, बनवारी लाल, आनंद यादव, सुनील यादव संग दर्जनों लोग रहे।

### सोरांव ब्लॉक में विजेता साथी का कर्मचारियों ने किया स्वागत



## न्यूज झरोखा

### श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर में तैनात रही एसपीओ टीम



**नैनी।** नैनी सावन माह के प्रत्येक सोमवार को अरैल स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों की लंबी कतार लगी रही जिसे संपूर्ण रूप से संपन्न कराने में प्रत्येक सोमवार को मंदिर परिसर में मुख्य रुप से एसपीओ टीम तैनात रही उसी क्रम में आखिरी सोमवार को भक्तों की भीड़ को देखते हुए उप जिला अधिकारी करछना, पुलिस उपायुक्त यमुनानगर, एसीपी करछना, कोतवाली थाना प्रभारी नैनी व क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर साजिद अली एवं विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम प्रभारी अभय राज सिंह एवं उप प्रभारी परवेज अहमद के निदेर्शानुसार एसपीओ टीम के जवानों की ड्यूटी लगाई गई जिसे सभी लोगों ने मिलकर प्रशासन के साथ एकजुट होकर सावन माह के आखिरी सोमवार को पूर्ण रूप से संपन्न करने में भागीदार रहे तथा शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए चप्पे चप्पे पर एसपीओ टीम के जवान तैनात रहे इस दौरान जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली व सीनियर एरिया इंचार्ज राम जी जायसवाल के नेतृत्व में एरिया इंचार्ज समीर खान,दिनेश कुमार सोनकर विशाल जायसवाल,तौसीफ खान,विवेक पाल,रमेश चंद केसरवानी,दिनेश चंद केसरवानी,दीपक कुमार केसरवानी, सुरेंद्र गुप्ता,शुभम प्रजापति,प्रदीप कुमार,मोहम्मद फिरोज,अरविंद, रामजी,रमाशंकर चौरसिया,आशीष रावत, अश्वनी शर्मा,राकेश सोनकर,वजी अहमद सुशील शर्मा,मोहम्मद नौशाद व सभी विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के अधिकारीगण एवं सदस्यगण मौजूद रहे।

### श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ

**समाजसेवी सुधीर शर्मा एवं राजेश साहू ने भगवान भोलेनाथ को भंडारे का प्रसाद चढ़ा के लोगों में प्रसाद वितरण किया**



**नैनी।** नैनी श्रावण मास के अंतिम सोमवार को श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से भक्तों की लंबी लाइन लगी रही भगवान भोलेनाथ को भंडारे का प्रसाद चढ़ाने के बाद लोगों में प्रसाद वितरित किया गया श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर नैनी अरैल में सुबह 9:00 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भंडारा प्रारंभ हुआ, जिसमे बड़ी संख्या मे श्र्धालुओ ने महादेव का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर उपास्थित कुछ मुख्य जन जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोग समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष अरवल बिहार, राजेश साहू शंकरढाल नैनी महावीर मंटू सिंह डॉ संदीप पाल अतुल केसरवानी लकी यादव मोनू सिंह विनोद केसरवानी सुनील जायसवाल उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार मे गांव की तरह शहर भी उदास : नरेन्द्र सिंह

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** भाजपा सरकारों ने गांव की तरह शहर को भी उदास कर दिया, उक्त बातें समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव बनने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र सिंह ने रविवार को चौक स्थित पार्टी के महानगर कार्यालय पर महानगर इकाई द्वारा आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा। अपने संबोधन मे नरेन्द्र सिंह? ने बड़ी संख्या मे उपस्थित पार्टी कार्यकताओं से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों से ओतप्रोत डबल इंजन की सरकारों की डबल मार झेल रहे ग्रामीण और शहरी दोनों लोग अब सपा मुखिया अखिलेश यादव के शासनकाल को याद कर रहे हैं। सपा नेता ने प्रदेश और देश की भाजपा सरकारों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जनता को राहत दिलाने के लिए भाजपा सरकारों को हटाना होगा, क्योंकि भाजपा सरकारों ने किसानों और युवाओं सहित शहर के छोटे व्यापारियों के साथ छल किया है। केन्द्र और राज्य सरकार की नीतियां गरीब, किसान और युवा विरोधी हैं। श्री सिंह ने पदाधिकारियों से अपील किया कि सभी लोग मिलकर पार्टी की नीतियों एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा सपा सरकार के दौरान जनहित में किये गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचायें तथा भाजपा सरकार में हो रही ज्यादतियों के खिलाफ आवाज उठायें। जरूरत पड़ने पर आमजन के साथ सड़क पर उतरें और जनता की भलाई के लिए संघर्ष करें। अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष को धन्यवाद देते हुए कहा कि नरेन्द्र सिंह, अमर नाथ सिंह मौर्य को प्रदेश सचिव एवं हरिओम साहू को प्रदेश कार्य कारिणी में सदस्य बनाने से प्रयागराज को सांगठनिक बल मिलेगा।इस मौके पर प्रदेश सचिव गण सहित महानगर उपाध्यक्ष मृत्युजय पाण्डेय, अधिवक्ता सभा के महानगर अध्यक्ष पद पर मनोनीत वकार अहमद, कासिफ काजमी प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक सभा का भी स्वागत हुआ।संचालन नगर महासचिव एडवोकेट रवीन्द्र यादव ने किया। कार्यक्रम मे महानगर अध्यक्ष सै. इफ्तेखार हुसैन, महासचिव रवीन्द्र यादव एडवोकेट, राजेश गुप्ता,ओ. पी. पाल, मो गौस,आर. एन. यादव,दान बहादुर मधुर, मोईन हबीबी, मो अजहर, अभिमन्यु पटेल, ओ. पी. यादव, मो सुएब खां , बब्बन दुबे, वजीर खान, सैयद मो. अस्करी, लल्लन सिंह पटेल, दिलीप यादव, डॉ आकाश यादव, रेनू गौतम, संतोष निषाद, सुधीर निषाद, चौधरी देवी लाल, विशाल सिंह ,आदि सहित कई पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# औंता महावीर का मेला आज

**मेजा।** औंता महावीर का मेला (बुढ़वा मंगल) आज यानी 29 अगस्त को होगा।उक्त आशय की जानकारी प्रवक्ता अभयशंकर मिश्र ने देते हुए बताया कि औंता महावीर का मेला प्राचीन काल से लगता चला आ रहा है।उन्होंने बताया कि मेले में जहां दूर दराज से अपनी मनोकामना को लेकर महावीर का दर्शन करने आते हैं वहीं प्रयागराज के अलावा मिजार्पुर,भदोही जनपद से विभिन्न तरह की दुकानें मेले की शोभा बढ़ाने आते हैं।यह मेले स्थानीय लोगों के लिए उत्सव का दिन होता है।मेले में झूला,सर्कस सहित विभिन्न प्रकार के मनोरंजन के साधन आकर्षण का केंद्र बने रहते हैं।सुरक्षा की दृष्टि से जहां ग्राम प्रधान की देखरेख में कार्यकर्ता मेले में शांति बनाए रखने के भ्रमण करते रहते हैं,वहीं पुलिस प्रशासन भी बड़ी संख्या में मुस्तैद रहते हैं।श्री मिश्र ने स्थानीय लोगों से मेले में पहुंचकर महावीर का दर्शन करने और मेले का लुत्फ उठाने की अपील की है।

# पुलिस टीम के सामने युवक पर बम से हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज।** शिवकुटी थाना क्षेत्र के मेहंदौरी में मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने ही आरोपियों ने युवक पर बम से हमला कर दिया। संयोग से युवक बम के हमले में बाल-बाल बच गया। घटना से दहशत फैल गई। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तर कर लिया है। तीनों आरोपी इसी मुहल्ले के ही रहने वाले हैं।रविवार को रात करीब नौ बजे मेहंदौरी इलाके के संजय ब्रदर्स ढलान के पास दो पक्षों में मारपीट हो गई। हर्ष प्रजापति पुत्र हरिश्चंद्र प्रजापति की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर पूछताछ कर रही थी कि इसी बीच आरोपियों ने हर्ष के ऊपर पुलिस टीम के सामने ही बम से हमला कर दिया। जान से मारने की नीयत से फेंके गए बम से हर्ष बाल-बाल बच गया।हर्ष की तहरीर पर पुलिस ने अतुल निषाद पुत्र नरोत्तम निषाद, तुषार निषाद पुत्र सुभाष चन्द्र निषाद और एक नाबालिग के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# फैशन शो : आकांक्षा पाण्डेय चुनी गईं मिस सीजीसी क्वीन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बलराम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स द्वारा संचालित सिटीजन गर्ल्स कॉलेज, नैनी , प्रयागराज में 26 अगस्त को बी एड व डी एल एड के प्रशिक्षुओं के विदाई समारोह के अवसर पर आयोजित फैशन शो मे आकांक्षा पाण्डेय ने मिस सीजीसी क्वीन का खिताब जीता, रोमी व अल्पना क्रमशः प्रथम व द्वितीय रनर अप रहीं। क्वीन सी जी सी चुनी गयी आकांक्षा पाण्डेय को आध्यात्मिक जगत में आकांक्षा गायत्री के नाम से जाना जाता है। आकांक्षा को अब तक 30 से ज्यादा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। आकांक्षा एक आध्यात्मिक मार्गदर्शक के साथ-साथ टैरो कार्ड रीडर , रेकी ग्रैंड मास्टर , क्रिस्टल हीलर , न्यूमेरोलॉजिस्ट , एंजेल थैरेपिस्ट ,कैंडल हीलर मोटिवेशनल स्पीकर, लाइफ कोच काउंसलर और क्रिस्टल इंटरप्रेन्योर हैं। आकांक्षा ने अब तक हजारों लोगों के जीवन को नई दिशा दी है। जिसकी जैसी समस्या होती है उसके अनुसार समस्या का समाधान बताया जाता है। आकांक्षा अपनी पढ़ाई के साथ-साथ अध्यात्म से जुड़े पवित्र व सकारात्मक कार्यों को भी सफलतापूर्वक कर रही हैं। आकांक्षा के जीवन का लक्ष्य यही है कि दुनिया में कोई भी व्यक्ति बड़ी से बड़ी समस्या आने पर भी निराश व हताश न हो । बल्कि अंधेरे में बैठे हर इंसान को वह उजाले की सकारात्मक किरणों से मिलवा कर जीवन में आगे बढ़ाने में उनकी मदद करना चाहती हैं। इस समय आकांक्षा के इंस्टाग्राम पर एक लाख बारह हजार फॉलोअर है। कार्यक्रम का आयोजन महाविधालय की प्राचार्या उमा लता पटेल, असिस्टेंट प्रोफेसर अनुराधा अरोरा, अंजुला तिवारी, अंजना गौड़, शालिनी बसेड़िया तथा अंजलि सैमुअल के कुशल नेतृत्व मे किया गया। सचिन श्रीवास्तव व अमित कुमार गोस्वामी का सहयोग भी पूरे कार्यक्रम मे सराहनीय रहा। आयोजित फैशन शो मे सभी प्रशिक्षुओं ने बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए आकांक्षा पाण्डेय सी जी सी क्वीन का खिताब जीता। सभी राउंड मे आकांक्षा अव्वल रही।



### जलदेवता मन्दिर मे सुन्दरकाण्ड पाठ का भव्य आयोजन आज

**नैनी।** नैनी अवंतिका विकास समिति के तत्वावधान मे कालोनी के ए ब्लांक स्थित पानी की टंकी जिसे जलदेवता का मन्दिर कहा जाता है उसी प्रांगण मे मंगलवार को सुन्दरकाण्ड पाठ का भव्य आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक ब्लाक अध्यक्ष गंगा प्रसाद ठाकुर ने बताया कि मंगलवार को समिति द्वारा अपरान्ह 4 बजे से ए ब्लांक पानी की टंकी जलदेवता के मन्दिर मे सुन्दरकाण्ड का पाठ होगा। अवंतिका विकास समिति के बी बी दुबे, शिव शंकर पाण्डेय, गजेन्द्र प्रताप सिंह, बद्री प्रसाद मिश्रा, विनोंद शंकर तिवारी, संजीव गुप्ता, एन पी मिश्रा, सुनील साहनी, सुनील श्रीवास्तव, कुलदीप सिंह, आशीष मोसेस, अशोक जायसवाल, बिन्दू राठौड़, अंजुम नाज, सुनील सिंह सहित समिति के सभी सदस्यों ने अवंतिका वासियों से सक्रिय सहभागिता करने की अपील की है।

# जांच कमेटी के सामने पेश होंगे ज्योति-आलोक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बहुचर्चित पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्य और पति आलोक मौर्य के बीच विवाद के बाद ज्योति पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही कमेटी के सामने सोमवार को दोनों पेश होंगे। आलोक मौर्य से जांच कमेटी ने 8 अगस्त को हुई सुनवाई पर सुबूत मांगे थे। आलोक ने 20 दिन का समय मांगा था। पीसीएस अफसर ज्योति मौर्य उसदिन जांच कमेटी के सामने पेश नहीं हुई थीं। उम्मीद की जा रही है कि सोमवार को आलोक और ज्योति मौर्य 3 सदस्यीय जांच कमेटी के सामने पेश होकर अपना अपना पक्ष रखेंगे।

**लाल डायरी सुपुर्द कर सकते हैं आलोक मौर्य :** आलोक मौर्य जांच कमेटी के सामने अपना बयान दर्ज कराएंगे। जांच कमेटी के समक्ष आलोक वह 100 पेज की डायरी भी देंगे जिसमें कथित तौर पर ज्योति मौर्या हर महीने भ्रष्टाचार से मिलने वाले रुपयों का लेखा-जोखा रखती थीं। इसके अलावा कई और सुबूत आलोक जांच कमेटी के सामने रखेंगे। उधर, ज्योति मौर्या भी अपने बचाव में अपना बयान जांच कमेटी के समक्ष दर्ज कराएंगी। दोनों से जांच कमेटी अलग अलग समय में पूछताछ करेगी।

**आलोक ने कहा था-मेरे पास ज्योति के खिलाफ ठोस सुबूत :**

ज्योति मौर्य केस में 8 अगस्त को सुनवाई पर आए आलोक मौर्या ने कहा था कि,₹ मैंने एसडीएम ज्योति मौर्य के ऊपर जो भी आरोप लगाए हैं। मुझे उन्हें साबित करने के लिए समय दिया जाए।₹ कमेटी ने उनकी बात सुनने के बाद कहा था,₹आपके पास 20 दिन का समय है। इतने समय में आपने जो भी आरोप लगाए हैं। उनका सबूत पेश करें, जिसके बाद जांच कमेटी ने 28 अगस्त को फिर से पेश होने का आदेश दिया था।

**ज्योति पर भ्रष्टाचार के हैं गंभीर आरोप, हैंडराइटिंग मिलान से साफ होगी तस्वीर :** आलोक मौर्या द्वारा जांच कमेटी को डायरी सौंपने के बाद कमेटी उसपर हैंडराइटिंग एक्सपर्ट को बुलवाकर ज्योति की राइटिंग का मिलान कराएगी। इसके बाद तय होगा कि लाल डायरी में हर महीने लाखों रुपयों की एंट्री ज्योति मौर्या ने की है या उसमें किसी तरह की छेड़छाड़ की गई है। अगर हैंडराइटिंग ज्योति मौर्या की साबित हो जाती है तब ज्योति के खिलाफ यह ठोस सुबूत होगा। इसके अलावा अगर डायरी में जिन-जिन लागों के नाम से हर महीने रुपये मिले हैं अगर वो खुद आकर कहते हैं कि ज्योति मौर्या उनसे हर महीने पैसे वसूलती थीं तब यह ज्योति मौर्या की परेशानी बढाने वाला होगा। फिलहाल ज्योति मौर्या जहां जहां एसडीएम रही हैं वहां के मार्केटिंग इंस्पेक्टर और सप्लाई इंस्पेक्टर को भी नोटिस देकर बुलाने की तैयारी है। उनसे भी कमेटी पूछताछ करेगी कि आपने क्या ये रुपये दिए हैं। प्रशासनिक अमले में इस जांच से खलबली मची हुई है।

**भ्रष्टाचार सिद्ध हुआ तो ज्योति मौर्या का हो सकता है सस्पेंशन**

प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक अगर आलोक मौर्या द्वारा लगाए गए आरोप सिद्ध होते हैं तो ज्योति मौर्या का निलंबर हो सकता है और उनके खिलाफ विभागीय जांच भी हो सकती है। फिलहाल जांच कमेटी आलोक मौर्या द्वारा शासन से की गई शिकायत के आधार पर संबंधित लोगों को इसी सप्ताह नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाएगी।

## अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुर्घटना में लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पीडित के पिता की मौत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या को लेकर रविवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज के पूरे सीताराम जेवई निवासी कमलेश चंद्र तिवारी के पुत्र कौशलेश त्रिपाठी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तेरह अगस्त को राजेन्द्र नगर नहर के पास नेशनल हाइवे पर अज्ञात वाहन चालक ने तेजी से वाहन चलाते हुए उसके पिता कमलेश त्रिपाठी को टक्कर मार दी। इलाज के दौरान कमलेश की मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रविवार की रात अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

# सांसद ने हरी झंडी दिखाकर तुलसी एक्सप्रेस ट्रेन को किया रवाना

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मुंबई से अयोध्या को जाने वाली तुलसी एक्सप्रेस ट्रेन को सांसद संगम लाल गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर प्रतापगढ़ जंक्शन से अयोध्या के लिए रवाना किया। 12:35 पर यह ट्रेन प्रतापगढ़ जंक्शन पहुंची। अयोध्या कैंट से दोपहर 2:50 पर या मुंबई के लिए रवाना होगी।

प्रतापगढ़ जंक्शन पर पहुंचने का समय शाम 4:18 बजे का है। ट्रेन अपने निर्धारित समय से 30 मिनट लेट है। तुलसी एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद प्लेटफार्म नंबर एक पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद संगम लाल ने कहा कि भाजपा की सरकार में रेल व्यवस्था को सुधारने में बेहतर कदम उठाए गए हैं। स्टेशन व जंक्शन के कायाकल्प करने के साथ ही ट्रेनों का संचालन भी बेहतर हुआ है। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रतापगढ़ जंक्शन पर वंदे भारत सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन का भी संचालन होगा। उन्होंने कहा कि तुलसी एक्सप्रेस के संचालन से अब जनपद वासियों को मुंबई के लिए एक और ट्रेन मिल गई है।



ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते सांसद संगम लाल गुप्ता।

## श्रावण माह के चौथे सोमवार पर बाबा घुइसरनाथ में श्रद्धालुओं ने किया दर्शन पूजन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** श्रावण माह के चैथे सोमवार पर बाबा घुइसरनाथ धाम में जलाभिषेक तथा महादेव के दर्शन पूजन को लेकर श्रद्धालुओं का समागम जोश में दिखा।

हर हर महादेव तथा बोल बम का बाबा नगरी में सुबह से देर शाम तक शंखनाद गूंजता रहा। सई तथा गंगा सरोवर में स्नान कर कांवडिया शिवभक्तों ने श्रद्धा व आस्था के साथ बाबा को फूल तथा बेल पत्र व अक्षत अर्पित किये। सावन के चैथे सोमवार को लेकर धाम में महिला श्रद्धालुओं की भी भीड़ अधिक देखी गयी। श्रद्धालुओं ने यहां बाबा का दर्शन पूजन करते हुए तिरूपति बाला जी भगवान के भी दर्शन पूजन किये। दक्षिणमुखी हनुमानजी समेत श्रीराम जानकी मंदिर, मां दुर्गा एवं मां सरस्वती तथा शारदा मां के भी मंदिरों में श्रद्धालुओं को आस्थावान देखा गया। धाम में श्रद्धालुओं का भारी जमघट देख पुलिस व प्रशासन भी चैकस दिखा। मंदिर के गर्भगृह में महन्त मयंक भाल गिरि अपने शिष्यों के साथ व्यवस्था की देखरेख में जुटे दिखे।

सई पार करील के वृक्ष व बूढ़ेश्वरनाथ मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। इसके अलावा लालगंज, तिना चितारी, इनहन भवानी, गुम्मौर देवी आदि मंदिरों मे भी श्रद्धालुओं की भीड देखी गयी। कई स्थानों पर ओम नमः शिवाय के जाप में भी शिवभक्त रमे दिखे।



फोटो 4-बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन को उमडे श्रद्धालु।

## औचक दबिश में शराब के उपकरण समेत भारी मात्रा में शराब बरामद, आरोपी धराए

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने औचक दबिश देकर तिरसठ लीटर अवैध शराब समेत शराब बनाने के उपकरण आदि बरामद करने में सफलता ली है। वहीं पुलिस ने हर्षपुर असांव गांव में भी दबिश देकर एक आरोपी के पास से पन्द्रह लीटर अवैध शराब बरामद किया।

थाने के दरोगा राज नारायण यादव व घनश्याम यादव सत्ताईस अगस्त को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। सूचना मिलने पर पुलिस तारापुर के पूरे कालिया गांव अचानक पहुंची। यहां गांव के राकेश सरोज के पुत्र अंकित रामसुमेर के पुत्र रमेश सरोज तथा राकेश की पत्नी मठईन के पास से पांच गैलन में तिरसठ लीटर अवैध शराब बरामद किया।

**आरोपियों के पास से शराब बनाने के उपकरण के तहत कनस्तर, पतीली व पाइप भी पुलिस ने एक बोरी में बरामद कर लिया। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम का केस दर्ज कर पुलिस ने सोमवार को इन्हें जेल भेज दिया।**

आरोपियों के पास से शराब बनाने के उपकरण के तहत कनस्तर, पतीली व पाइप भी पुलिस ने एक बोरी में बरामद कर लिया। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम का केस दर्ज कर पुलिस ने सोमवार को इन्हें जेल भेज दिया। इसी सिलसिले में थाने के दरोगा राज नारायण यादव ने हर्षपुर असांव में भी सत्ताईस अगस्त को दबिश देकर एक आरोपी को शराब के साथ धर दबोचा। आरोपी गांव के भइयाराम सरोज के पुत्र कर्मराज सरोज के पास से पिपिया में पन्द्रह लीटर शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम का केस दर्ज कर उसे भी न्यायालय भेज दिया।

## युवा इंका के पूर्व जिलाध्यक्ष की पुण्यतिथि पर प्रमोद तिवारी ने अर्पित किया पुष्पांजलि, मरीजों को किया फल वितरित

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के ट्रामा सेंटर में सोमवार को युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश शुक्ल की अठारहवीं पुण्यतिथि पर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मरीजों को फल प्रदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

यहां आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि पूर्व पीसीसी सदस्य रहे स्वर्गीय सतीश शुक्ल ने आजीवन निर्भीकता व साहस के साथ जरूरतमंदो को न्याय दिलाने का अविस्मरणीय संघर्ष किया। उन्होनें कहा कि सतीश के व्यक्तित्व से युवाओं को अन्याय के खिलाफ सदैव संघर्ष की भी मजबूत प्रेरणा मिलती रहेगी। उन्होनें लोंगो से संकल्पबद्ध होकर सतीश शुक्ल के त्याग को सदैव यादगार बनाए रखते हुए गरीबों और मजलूमों के हक की आवाज को उठाने का आहवान किया। पुण्य तिथि पर बड़ी संख्या में जुटे लोगों तथा कार्यकताओं ने भी स्वर्गीय सतीश के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संयोजन स्वर्गीय शुक्ल के छोटे भाई डा0 नीरज शुक्ला व संचालन अंकुर शुक्ल ने किया। इसके बाद राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी विधायक मोना के लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पहुंचे। यहां कार्यकताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में प्रमोद तिवारी ने एथलेटिक्स में वर्ल्ड चैम्पियनशिप का खिताब देश के नाम करने वाले नीरज चोपड़ा के गोल्ड जीतने को ऐतिहासिक गौरव का क्षण कहा। उन्होने कहा कि नीरज चोपड़ा ने साहस और समर्पण तथा राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत होते हुए खेल जगत की दुनिया में भारत के तिरंगे की भी यादगार शान बढ़ाई है। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, केडी मिश्र, बृजेश द्विवेदी, पप्पू तिवारी, डा. अमिताभ शुक्ल, पन्नेलाल पाल, दारा सिंह, आशीष जायसवाल, शेरू खां, भुवनेश्वर शुक्ल, जावेद खां, जर्रार, इं. सुनील पाण्डेय, छोटे लाल सरोज, मुरलीधर तिवारी, धीरेन्द्रमणि शुक्ल, दीपू मिश्र, राकेश चतुर्वेदी, मक्खन शुक्ला, सिंटू मिश्र, धीरेन्द्र मिश्र, प्रमोद सरोज आदि रहे।



ट्रामा सेण्टर में मरीजों को फल प्रदान करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

### आखिर कितनी मौत के बाद जागेगा प्रशासन?

## मालवाहक और ओवरलोड वाहनों पर नहीं लग पा रहा है अंकुश

### माह भर में सड़क दुर्घटना में डेढ़ दर्जन लोगो की हो चुकी है मौत

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आखिर कितनी मौत के बाद प्रशासन की आंखें खुलेगी? रोक के बाद भी मालवाहक व ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाने में प्रशासन विफल साबित हो रहा है। प्रशासन की लापरवाही का ही नतीजा है की माह भर में लगभग डेढ़ दर्जन लोगो की सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है।

लालगंज तहसील क्षेत्र में प्रशासन की लापरवाही के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में लोगो की जान जा रही है। फिर भी प्रशासन की आंखे नही खुल रही है। शासन के रोक के बाद भी ओवरलोड वाहनों के साथ ही मालवाहक वाहनों पर से ढोए जा रहे यात्रियो पर शिकंजा कसने मे प्रशासन नाकाम साबित दिखाई दे रहा है। यही वजह है की एक माह के भीतर हुई तीन बड़ी सड़क दुर्घटना में लगभग डेढ़ दर्जन लोगो की जान जा चुकी है। जुलाई माह में मोहनगंज में गैस टैंकर की टक्कर से सवारियों से भरे वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से लगभग डेढ़ दर्जन लोगो की मौत हो गई थी। वही दर्जनों घायल हो गए थे।उसके बाद भी प्रशासन नही चेता। लापरवाही बरकरार रही जिसका का ही नतीजा रहा की 4 अगस्त को अनियंत्रित मैजिक लोडर पलटने से तीन युवतियों की मौत के साथ लगभग डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गए थे। जुलाई 2022 में वर्मा नगर व रानीगंज कैथौला के बाद 2 अगस्त को हंडौर, 12 नवंबर को संगम चैराहे व 31 अगस्त 2023 को लक्ष्मणपुर ब्लॉक कार्यालय के पास हुई सड़क दुर्घटना में दर्जनों छात्र व छात्राएं घायल होने के साथ ही मासूम मानसी की मौत हो चुकी है। जबकि शासन ने कानपुर में एक अक्टूबर 2022 को ट्रैक्टर-ट्राली से हुए भीषण हादसे में 26 की मौत के बाद यातायात निदेशालय के साथ ही शासन ने ऐसी घटना की पुनरावृति न हो इस लिए सख्ती दिखाते हुए सभी जिलो के अधिकारियो को मालवाहक वाहनों पर सवारियां मिले तो कार्रवाई करने का आदेश दिया था, लेकिन शासन के आदेश को जिला प्रशासन भुला बैठा, जिसका परिणाम आए दिन सामने आ रहे है।



मालवाहक वाहन पर बैठी सवारियां।

### महिला की मौत पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**प्रतापगढ़।** मारपीट में घायल दलित वृद्ध महिला की मौत के मामले में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। बता दें कि अंतू थाना क्षेत्र के भुआलपुर गांव में शनिवार की शाम खेत मे बकरी जाने को लेकर गांव के ही कुछ लोगो ने एक वृद्ध महिला की पिटाई कर दिया था। रविवार को महिला की मौत हो गयी थी। महिला की मौत पर तहरीर मिलने पर पुलिस ने चार के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रदत्त सेनानी की पुण्यतिथि पर मरीजों को बांटा गया फल

### वरिष्ठ चिकित्सक, जिलाध्यक्ष व समाजसेवी रहे मौजूद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रदत्त सेनानी की पुण्यतिथि पर आज प्रताप बहादुर अस्पताल में भाजपा नेताओं व सेनानी न्यास के सदस्यों ने मरीजों को फल वितरित किया। इस अवसर पर अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डा0 मनोज खत्री, महिला अस्पताल की सीएमएस डा0 रीना प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र रहे।

इसके अलावा पूनम इंसान, भाजपा महिला मोर्चा की नेता व समाजसेविका सारिका श्रीवास्तव, मनप्रीत कौर, कमलेश कुमारी, अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा, विवेक उपाध्याय, समाजसेवी हेमंत नंदन ओझा, सुरेश शुक्ला, अवधेश त्रिपाठी, राम लखन रवि, गुलहसन, मुनीर अली, अशोक श्रीवास्तव, मनोज उपाध्याय, विजय मिश्रा सहित सेनानी न्यास के सदस्यों ने अस्पताल के एक-एक वार्ड में जाकर फल वितरित किया। इस फल वितरण कार्यक्रम में अस्पताल कर्मी भी सहयोग कर रहे थे। बता दें कि भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी अपने पिता स्व0 चंद्रदत्त सेनानी की पुण्यतिथि पर हर वर्ष बडे. कार्यक्रम आयोजित करते हैं।



मरीजों को फल वितरित करते जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र व अन्य।

## जरुतमंदों की कलाई पर सजेगी बच्चा बैंक की राखी

### सेंटर पर लगेगा निशुल्क राखी वितरण का काउंटर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** ऐसे छात्र-छात्राएं जो पैसे के अभाव के चलते राखी नहीं खरीद सकेंगे। उनके लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी की तरफ से राखी का निशुल्क वितरण किया जायेगा। भंगवा स्थित बच्चा बैंक के फ्री स्टडी सेंटर पर राखी बनाने का काम ग्रुप के छात्रों ने शुरू कर दिया है। गत वर्ष की तरह इस बार भी बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप जरूरतमंद छात्रों के लिए राखी का इंतजाम किया है। उन्हें राखी मिल सके। इसके लिए ग्रुप की छात्रों ने दो दिन पहले से ही राखी बनाने का काम शुरू कर दिया है। फ्री स्टडी सेंटर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने बताया कि इस बार भी ग्रुप के बच्चों ने राखी का काउंटर लगाने का निश्चय किया है। यह काउंटर भंगवा स्थित सेंटर पर कल से लगेगा। जहां पर जरूरतमंद छात्रों के लिए निःशुल्क राखी वितरण की व्यवस्था रहेगी। सेंटर के छात्र प्रिया, लाजू, साक्षी, खुशी, विजय, नैतिक समेत कई छात्र राखी बनाने में जुट गए हैं।

### कॉस्मेटिक की दुकान में अराजक तत्वों ने लगाई आग

**प्रतापगढ़।** जिले के कंधई थाना अंतर्गत किशुनगंज बाजार में अराजक तत्वों ने कॉस्मेटिक की दुकान में लगा दी जिससे लगभग तीस हजार का नुकसान हुआ है। बीती रात के अंधेरे में चोरों ने कॉस्मेटिक की दुकान में लगा दी। आग सुबह जब वीरेंद्र तिवारी साल्हीपुर कंजास ने अपनी दुकान पर पहुंचे तो वह भौचक्के रह गए। उन्होंने देखा कि उनकी दुकान के बाहर एक पाइप रखी हुई हैं जो पूरी तरह से जल चुकी थी। उसके बाद उन्होंने जब अपनी दुकान खोली तो देख की अंदर रखा सारा सामान जल चुका है। उसके बाद तुरंत वीरेंद्र ने डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची डायलॉग 112 ने कहा कि थाने जा कर तहरीर दी। रविंद्र तिवारी ने थाने पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## खाद्य सचल दल ने पांच प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** रक्षा बन्धन पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य पदार्थो के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेषकर खाद्य पदार्थ खोया, दूध एवं दुग्ध उत्पाद से निर्मित मिठाइयॉ, समस्त प्रकार की मिठाइयॉ एवं अन्य खाद्य पदार्थों की शुद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने व आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा जनपद प्रतापगढ़ स्थित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों क्रमशः संडवा चन्द्रिका मन्दिर परिसर प्रतापगढ़ स्थित मिठाई की दुकान (प्रो0-सजन लाल पुत्र श्याम लाल) से बर्फी का एक नमूना, नेवादा कला प्रतापगढ़ स्थित कमला डेयरी एण्ड पनीर भण्डार (प्रो0-सूर्य कान्त पाण्डेय पुत्र देवी प्रसाद) से खाद्य पदार्थ खोया एवं पनीर का एक-एक नमूना कुल दो नमूनें, संडवा चन्द्रिका बाजार प्रतापगढ़ स्थित मिठाई की दुकान (शिव दुलारी पत्नी केदार नाथ) से बूंदी के लड्डू का एक नमूना, संडवा चन्द्रिका बाजार प्रतापगढ़ स्थित मिठाई की दुकान(प्रो0-छोटे लाल पुत्र राम लाल) से पेड़ा का एक नमूना, लोहिया नगर प्रतापगढ़ स्थित मिठाई की दुकान (प्रमोद कुमार मोदनवाल पुत्र विश्वनाथ मोदनवाल) से छेना मिठाई का एक नमूना संग्रहित किया गया। इस प्रकार कुल 06 नमूने संग्रहित कर विश्लेषण हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित किये जा रहे है। विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। प्रवर्तन कार्यवाही आगे भी इसी प्रकार जारी रहेगी। खाद्य सचलदल में संजय कुमार तिवारी, जनार्दन सिंह, विवेक कुमार तिवारी एवं ऋचा पाण्डेय खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पट्टी परिसर में रोजगार मेले का आयोजन आज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने अवगत कराया है कि 29 अगस्त 2023 को खण्ड विकास कार्यालय पट्टी परिसर में जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों/नियोजकों क्रमशः जी4एस सेक्योर सल्यूशन इण्डिया प्रा0लि0 द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के पद, रेडेक्स मैनेजमेन्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सपोर्ट स्टाफ पद, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एरिया आफिसर के पद, डस्की स्टैलियन कन्सलटेन्सी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आपरेटर टेज्नी पद एवं इनोवेशन लिमिटेड द्वारा सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर के रिक्त पदों पर बेरोजगार/इच्छुक अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ पंजीयन आईडी एवं पासवर्ड, मूल शैक्षिक अभिलेख एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है।

### तीन नामजद व आधा दर्जन आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास व दलित उत्पीड़न का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद तथा आधा दर्जन अज्ञात आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास, दलित उत्पीड़न, बलवा तथा घर मे घुसकर मारपीट का केस दर्ज किया है। लालगंज के पूरे वंशी निवासी रामटहल के पुत्र विजय बहादुर कोरी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि चार अगस्त को रात्रि करीब साढ़े नौ बजे उसे तथा परिवार के सदस्यों को मारने पीटने लगे। आरोपी गांव के दीपू के पुत्र शोभित तिवारी, प्रमोद के पुत्र चांदमणि तिवारी तथा रज्जन शुक्ला के पुत्र अनुज शुक्ल व आधा दर्जन अज्ञात आरोपी उसके दरवाजे पर जातिसूचक गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपी घर मे घुस गये और उसकी लड़की गुड़िया को भी मारने पीटने लगे।

## विवादित स्थल पर कब्जे को लेकर युवक को आधा दर्जन लोगों ने पीटा

### जमीनी विवाद में युवक को पड़ोसियों ने पीटा

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर स्थित शिव मंदिर पर विवादित स्थल पर तार घेरने के विवाद को लेकर एक युवक को आधा दर्जन आरोपियों ने पीट कर जख्मी कर दिया। पट्टी नगर मेला ग्राउंड पर स्थित शिव मंदिर प्राचीन आस्था का केंद्र है। इसी के बगल स्थित जमीन को कुछ लोग जबरन तार से खींच रहे थे, जिस पर पट्टी चैक के रहने वाले विनोद कुमार गुप्ता पुत्र राम अवतार ने विरोध किया तो आधा दर्जन लोग लाठी डंडा लेकर उसे जमकर मारा पीटा। पीड़ित ने इस संबंध में आधा दर्ज लोगों के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। उधर मकान का निर्माण कर रहे एक युवक को पड़ोसी आरोपियों ने जमीन का विवाद बताकर लाठी डंडों से पीट दिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के अखौवा गांव का रहने वाला श्याम शंकर पुत्र पारसनाथ ने बताया कि वह अपने जमीन पर मकान का निर्माण कर रहा था तभी उसके पड़ोसी तीन लोग लाठी डंडा लेकर पहुंचे और गाली गलौज करने लगे पीड़ित ने जब इसका विरोध किया तो सभी आरोपी एकजुट होकर उसे मारने पीटने लगे जिससे उसे काफी चोटे आई।

## दो आरोपियों के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट व धमकी को लेकर रविवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज के जूडापुर निवासी श्रीराम सरोज के पुत्र रोशन सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तेईस अगस्त को शाम पांच बजे गांव के राजेश पुत्र बलई सरोज तथा राजेश की पत्नी ने घर में घुसकर गालीगलौज करते हुए मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने राजेश व उसकी पत्नी के खिलाफ केस दर्ज किया है।


संपादक की कलम से

# गरल के समंदर से भी गंगाजल निकलेगा

आज के इस आधुनिक युग में हमारी युवा पीढ़ी स्वयं को हर तरफ तनाव, अवसाद व अकेलेपन से घिरी हुई महसूस करती है। अवसाद, तनाव व अकेलेपन से आज भारत ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व में आत्महत्या के मामलों में अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिल रही है और यह बहुत ही संवेदनशील होने के साथ ही अत्यंत चिंताजनक भी है। यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो वर्ष 2021 में दुनियाभर में आठ लाख लोगों ने आत्महत्या की और हमारे देश में 1,64,033 ने आत्महत्या करके अपनी जान गंवाई। आंकड़े बताते हैं कि अब भी दुनियाभर में हर साल आत्महत्या से लगभग 10 लाख लोग जान गंवाते हैं, जो युद्ध या अन्य हिंसक मौतों का लगभग 50 प्रतिशत है। सच तो यह है कि आज के समय में आत्महत्या एक प्रकार से महामारी का रूप धारण करती चली जा रही है। आखिर इसके पीछे कारण क्या हैं तो जानकारी देना चाहूंगा कि आज टीवी व मोबाइल संस्कृति भी इसके लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार है। टीवी और मोबाइल संस्कृति ने हमारे आपसी संवाद को बहुत कम कर दिया है और वर्चुअल दुनिया में हम खोये रहते हैं। आज न तो माता पिता, अभिभावकों, रिश्तेदारों के पास अपने बच्चों, सगे-संबंधियों के लिए समय बचा है और न ही हमारी युवा पीढ़ी के पास। सभी अपने आप में व्यस्त हैं। कम्प्यूटर, इंटरनेट, व्हाट्स एप, इंस्टाग्राम, फेसबुक, ट्विटर संस्कृति ने हमारी खेल संस्कृति को एक प्रकार से डस लिया है और किशोर और युवा वर्ग इनमें (इंटरनेट, सोशल नेटवर्किंग साइट आदि) में बहुत ही व्यस्त हैं। आज आपसी सहयोग, मेल मिलाप,टीम भावना, भाईचारा, आपसी सौहार्द विकसित करने वाले, शरीर में स्फूर्ति प्रदान करने वाले और खुशी-उत्साह बढ़ाने वाले खेल अब लगातार विलुप्त होते चले जा रहे हैं। शायद यही वजह और कारण भी है कि आज के इस आधुनिक युग में ना तो बाहरी रिश्तों में ही सुकून नजर आता है और ना ही ना घर-परिवार के रिश्तों में शांति और सुकून ही नजर आते हैं। आपसी दोस्ती व, रिश्तों -नातों और आपसी संबंधों का सुगठित ताना-बाना अब लगातार उलझता नजर आ रहा है। कल तक जो संबल और सहारा हुआ करते थे आज वे बोझ और बेमानी लगने लगे हैं। आज हम अपने अभिभावकों, माता पिता, दादा-दादी, नाना-नानी, काका, ताऊ, फूंका,बुआ, मौसी किसी से कोई बात तक साझा नहीं करते, ना ही पल दो पल उनके साथ बिताते हैं। एक जनरेशन गैप हमारे में पैदा हो चुका है। परिवार भी आज संयुक्त नहीं एकल हो गये हैं। बहरहाल, शायद यही कारण हैं कि आज बहुत से युवा आत्महत्या जैसे पाप की ओर अग्रसर हो रहे हैं। आज युवा बिखरा हुआ है लेकिन समाधान हमारे भीतर ही है। क्या आत्महत्या किसी भी समस्या का, परेशानी का, दुख तकलीफ का हल है नहीं कदापि नहीं। आत्महत्या कभी भी किसी भी समस्या का हल नहीं हो सकता है। आत्महत्या बुजदिली है,पाप है। ईश्वर ने हमें यह जीवन जीने के लिए दिया है न कि स्वयं को समाप्त करने के लिए। समस्याएं तो जीवन में आती ही रहती हैं। जीवन कोई फूलों की सेज नहीं है, यहां पल पल संघर्ष हैं, दुख हैं, तकलीफ हैं, परेशानी हैं लेकिन हमें यह बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि जीवन में समय हमेशा एक सा नहीं रहता है। यहां पाठकों को यह कहना चाहूंगा कि जीवन में कभी दुख हैं तो कभी सुख की छाया है। हर आत्महत्या करने वाले को एक बार, सिर्फ एक बार यह जरूर ही सोचना चाहिए कि क्या उसकी जिंदगी सिर्फ उसकी ही है। इस जिंदगी पर कितने लोगों का कितना-कितना हक है क्या उसे इसके बारे में पता है क्या वह जानता है कि उसकी मौत के बाद उसका परिवार, दोस्त, रिश्तेदार, करीबी लोग कितनी-कितनी मौत मरेंगे उनको कितना दुख और तकलीफ होगी आत्महत्या से क्या कोई भी समस्या हल हो जाती है कभी नहीं, आत्महत्या से कभी भी कोई भी समस्या हल नहीं होती है।

# अब सूर्य पर भारत फतेह से दुनिया चमत्कृत होगी

**-ललित गर्ग -**





चंद्र अभियान की ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एक नया इतिहास गढ़ने एवं एक और मैदान फतेह करने को तत्पर है और सूरज का अध्ययन करने के लिए संभवतः दो सितंबर, 2023 ह्यआदित्य-एल 1ह्न यानी सूर्य मिशन के प्रक्षेपण की तैयारी कर रहा है। ह्यआदित्य-एल 1ह्न अंतरिक्ष यान को सौर कोरोना (सूर्य की सबसे बाहरी परतों) के दूरस्थ अवलोकन और एल-1 (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु) पर सौर हवा के यथास्थिति अवलोकन के लिए बनाया गया है, इस मिशन की मदद से स्पेस में मौसम की मोबिलिटी, सूरज के तापमान, सोलर स्टॉर्म, एमिशन और अल्ट्रावॉयलेट रेज के धरती और ओजोन लेयर पर पड़ने वाले प्रभावों की स्टडी की जा सकेगी, जिससे मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों को सकारात्मक मोड़ देने में सुविधा रहेगी। यह भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक और मील का पत्थर होगा। इस प्रक्षेपण के बाद अमरीका, जर्मनी और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के बाद भारत सूर्य के पास उपग्रह भेजने वाला चौथा देश बन जाएगा। आदित्य एल-1 को पृथ्वी-सूर्य प्रणाली की ऑर्बिट के पांच बिंदुओं में से एक लैग्रेंज-1 में स्थापित किया जाएगा। यहां सूर्य पर ग्रहण के दौरान भी नजर रखी जा सकती है। यह पॉइंट पृथ्वी से 15 लाख किमी. दूर है। निश्चित ही चंद्रयान-3 के 3.84 लाख किमी. के सफर के मुकाबले आदित्य एल-1 का सफर कहीं ज्यादा चुनौती एवं संघर्षपूर्ण होगा।

दुनियाभर के वैज्ञानिक ब्रह्माण्ड के रहस्यों को जानने में जुटे हैं। जिस सौरमंडल में हम रहते हैं, उसे समझने के लिए सूर्य को जानना जरूरी है। सूर्य की ऊर्जा का अध्ययन धरती पर नहीं किया जा सकता। इसलिए दुनिया की दूसरी अंतरिक्ष एजेंसियों की तरह इसरो भी सूर्य के पास जाकर अध्ययन करना चाहता है। उसका पहला सूर्य अभियान सूर्य के कोरोना, प्रकाश मंडल, क्रोमोस्फीयर, सौर उत्सर्जन, सौर तूफानों और कोरोनल मास इजेक्शन के अध्ययन के साथ-साथ सूर्य की संपूर्ण इमेजिंग के नए द्वार खोल सकता है। लगातार चमकने वाला सूर्य, जहां ऊर्जा के लिए निरंतर विस्फोट होते रहते हैं, हमेशा से रहस्य का विषय रहा है। लेकिन ये विस्फोट कब होंगे और इसके प्रभाव क्या होंगे, इसकी सटीक जानकारी धरतीवासियों को नहीं है। ऐसे में इस टेलीस्कोप का एक उद्देश्य इनकी स्टडी करना है। वैज्ञानिकों का मानना है कि मिशन के तहत अलग-अलग तरह के डाटा को जुटाकर ऐसी व्यवस्था बनाई जा सकेगी जिससे धरती को होने वाले नुकसान के बारे में पहले से अलर्ट किया जा सकेगा। इस अभियान की कामयाबी इसरो के लिए अंतरिक्ष में एक और अहम छलांग होगी। इससे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी भी बढ़ेगी, जो कि फिलहाल सिर्फ दो फीसदी है। इसमें वृद्धि के लिए इसरो को उसकी महत्त्वाकांक्षाओं के अनुरूप सरकार से हरसंभव मदद मिलनी चाहिए।

नया भारत एवं सशक्त भारत निर्मित करने की अनेक बहुद्देश्यीय एवं बहुआयामी योजनाएं आजादी के अमृतकाल में आकार लेने के लिये उजावली हैं, उन्हीं योजनाओं में अंतरिक्ष के अनुसंधान एवं अध्ययन से जुड़ी योजनाओं में से ह्यआदित्य-एल 1ह्न एक बड़ी परियोजना है, जो सूर्य की गतिशीलता और उसके पास के मौसम की समझ में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। सूर्य का नाम आदित्य भी है, अतः इस नाम का अभियान या यान सबके आकर्षण का केंद्र बने, तो कोई आश्चर्य नहीं। यह अभियान दुनिया में एक भारतीय शब्द का प्रचार और भारत के अंतरिक्ष अभियान के स्वदेशी होने का अहसास करायेगा। योजना के अनुसार, यह यान कुल 125 दिन में सूर्य के पास की कक्षा में पहुंच जाएगा। सूर्य के एकदम निकट जाने के बारे में तो कोई सोच नहीं सकता, पर सूर्य के पास एक सुरक्षित कक्षा है जहां पहुंचकर कोई यान परिक्रमा करते हुए सूर्य को देख-परख सकता है। यह आदित्य अंतरिक्ष यान सात उन्नत उपयोगी उपकरणों से सुसज्जित है, जो सूर्य की विभिन्न परतों, प्रकाशमंडल और क्रोमोस्फीयर से लेकर सबसे बाहरी परत, कोरोना तक की जांच करने के लिए तैयार किए गए हैं। इरादा यह है कि सूर्य के पास घटित होने वाली तमाम गतिविधियों का डाटा एकत्र किया जाए, ताकि सूर्य की कुल क्रिया-प्रतिक्रिया को समझा जा सके। हम तेज सूर्य से आंख नहीं मिला पाते हैं, पर भारत का आदित्य यान सूर्य से सीधे आंख मिलाने में सक्षम होगा, इसमें लगे चार उपकरण तो केवल सूर्य को देखने का काम करेंगे, मतलब इस अभियान का मूल लक्ष्य सूर्य को करीब से देखना है।

भारत पूरातन काल से ज्ञान-विज्ञान का असीम भंडार रहा है। हमारे ऋषियों-मनीषियों ने आचार-विचार, आत्म-विकास एवं गहन खोजों से चिकित्सा, दर्शन, अर्थ और सौरमंडल तक की ऐसी जानकारी प्रदान की है, जिसके बारे में विश्व को बहुत बाद में पता चला। स्वामी विवेकानन्द ने कहा भी है कि आधुनिक विज्ञान के सूत्र पुरातन काल में वेदों में लिखित सूत्र ही है। किसी भी आपदा या घटना का पूवानुमान भारत में इसी सौरमंडल की जानकारी के आधार पर ही संभव हुआ है। सूर्य में भारत की दिलचस्पी एवं श्रद्धाभाव को स्वाभाविक ही समझा जा सकता है। भारत एक ऐसा देश है जहां सूर्य को देवता मानकर पूजने वाले, पर्व-उपवास करने वाले लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। भारत में हर सुबह सूर्य नमस्कार और सूर्य को जल अर्पण दिनचर्या में शामिल है। भारतीय पौराणिक कथाओं में सूर्य एक चरित्र या किरदार के रूप में पुरजोर उपस्थित है। इसलिये कोई आश्चर्य नहीं, भारतीय ज्यादा श्रद्धाभाव से सूर्य का अध्ययन करते हुए विश्व मानवता को उपकृत सकेंगे। क्योंकि अब भारत पुरातन ज्ञान से अत्याधुनिक विज्ञान की स्वर्णिम यात्रा पर बढ़ रहा है।

निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरगामी सोच एवं प्रोत्साहन से देश की वैज्ञानिक सोच एवं उपक्रमों को नया आधार मिल रहा है। वह भी अद्भुत दृश्य था, प्रधानमंत्री जब ब्रिक्स समिट एवं अन्य देशों की यात्रा से सीधे इसरो मुख्यालय पहुंचे और विज्ञानियों और इंजीनियरों से खास तौर पर मुलाकात की और उनके योगदान को सराहा। इसे प्रधानमंत्री ने यह कहकर अच्छे से रेखांकित किया कि जब हम अपनी आंखों के सामने इतिहास बनते हुए देखते हैं तो जीवन धन्य हो जाता है और ऐसी ऐतिहासिक घटनाएं जीवन में चिरंजीव चेतना बन जाती हैं। मोदी ने कहा भी है कि आज हर कोई यह कह रहा है कि 21वीं सदी भारत की सदी है। भारत ही वह देश है जिसके पास युवा शक्ति का भरपूर भंडार है, मजबूत इरादे है एवं स्वतंत्र पहचान है। पहले सोच थी की भारत बदलेगा ही नहीं लेकिन अब सोच है कि हमारा यह देश खुद भी बदल रहा है एवं पूरी दुनिया को बदलने की सामर्थ्य रखता है। प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना हमारे विश्वास को मजबूत करता है कि भारत से जो प्रकाशपुंज उठा है, उसमें विश्व को ज्योति नजर आ रही है। आज हमारे पास लोकतंत्र, जनसंख्या और विविधता है और यह त्रिवेणी भारत के हर सपने को साकार करने का सामर्थ्य रखती है। भारत का सबसे बड़ा सामर्थ्य बना है मोदी सरकार के प्रति जन-जन का और विश्व का भारत के प्रति विश्वास। यह बेवजह नहीं है। जरूरत है भारत के विभिन्न राजनीतिक दल भी इसके महत्व को स्वीकारें।

करोड़ों भारतीयों की प्रार्थना और इसरो के विज्ञानियों की मेधा एवं उनके अथक प्रयासों से जिस तरह चंद्रयान-3 अंततः चांद पर पहुंच ही गया, उसी तरह ह्यआदित्य-एल 1ह्न भी सूर्य पर फतेह कर-के दुनिया को आश्चर्य में डालेंगा एवं चमत्कृत करेंगा। इस महत्वाकांक्षी अभियान से एक बार फिर भारत के लोगों का सीना गर्व से चौड़ा होगा और पूरे देश में एक सुखद अनुभूति एवं ऊर्जा की लहर दौड़ेगी। इस महा सूर्य- अभियान के सफल होने से भारतवासियों के अंदर एक अनूठा आत्मविश्वास जागेगा, हौंसला बुलन्द होगा कि हम किसी भी जटिल से जटिल कार्य को पूर्ण कर सकेंगे और विश्वगुरु होने की पात्रता प्राप्त करेंगे।

# बिहार में 8 लाख नौकरियों का कॉल और व्यवस्था के नाम पर अव्यवस्था की भरमार

**अशोक भाटिया**

सत्यजीत रे की 1972 की फिल्म प्रतिद्वंदी के सबसे यादगार दृश्यों में से एक में, नायक से एक नौकरी के साक्षात्कार के दौरान उसके "जीवन में लक्ष्य" के बारे में पूछा गया था। उनका जवाब था, "नौकरी ढूंढने के लिए"। पांच दशक बाद, ऐसा प्रतीत होता है कि रियल और रील का मिश्रण हो गया है क्योंकि देश को ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ रहा है जब बड़ी संख्या में नागरिक नौकरी की तलाश कर रहे हैं लेकिन उन्हें कोई नौकरी नहीं मिल रही है। हाल फिलहाल बिहार शिक्षक भर्ती के लिए बंपर भर्तियां निकली हैं। ऐसे में इसकी परीक्षा में करीब 1 लाख 70 हजार से ज्यादा सीटों पर 8 लाख अभ्यर्थी शामिल होने के लिए आ गए। ऐसे में बिहार के साथ-साथ कई अलग-अलग राज्यों के अभ्यर्थी इसमें हिस्सा ले रहे हैं। बताया जाता है कि बिहार में 1 लाख 70 हजार 461 शिक्षकों की बहाली होनी है। इनमें 80 हजार शिक्षकों की नियुक्ति प्राथमिक स्कूलों में होनी है। 57 हजार 618 भर्तियां उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में होनी है और 32 हजार 916 शिक्षकों के पद माध्यमिक स्कूलों में भरे जाने हैं। इसके लिए बिहार लोक सेवा आयोग बिहार के कई शहरों में 2 चरणों में परीक्षा करवानी थी। गुरुवार को इम्तेहान का पहला दिन था। इसके बाद शनिवार को फिर परीक्षा होनी थी। करीब पौने दो लाख पदों के लिए 8 लाख से ज्यादा युवाओं ने फॉर्म भरा था। परीक्षा के लिए पूरे बिहार में 859 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा से पूर्व ही रात 12 बजे से बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों से परीक्षार्थी पटना पहुंचने लगे थे। रात को पटना रेलवे स्टेशन का एक नंबर प्लेटफॉर्म खचाखच भरा हुआ था। इनमें से कुछ लोग ऐसे थे जिन्हें पटना शहर में होटल नहीं मिला, या मिला भी तो इतना महंगा कि उसका किराया दे पाना इनके लिए मुश्किल था। इसलिए ये लोग रात गुजारने के लिए रेलवे स्टेशन पर ही ठहरे जबकि कुछ लोग ऐसे थे, जो दूसरे राज्यों से पहले पटना पहुंचे। उनका सेंटर पटना के आसपास के शहरों में था, उन्हें वहां पहुंचना था लेकिन न पटना में ठहरने की जगह थी, न आगे जाने के लिए कोई साधन था। इसलिए वे भी सुबह होने के इंतजार में स्टेशन पर ही रुक गए। आलम ये था कि लोग प्लेटफॉर्म पर चादर डालकर बैठे रहे, लेटे रहे। नौकरी की उम्मीद में बड़ी संख्या में लड़कियां और महिलाएं भी पहुंची थीं। उनके साथ परिवार के सदस्य भी थे। कुछ महिलाओं की गोद में छोटे-छोटे बच्चे थे। सबको रात स्टेशन पर ही काटनी पड़ी। पटना में सबसे ज्यादा 40 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, इसलिए पटना में भीड़ सबसे ज्यादा थी। जब हर तरफ अफरा तफरी मची तो पटना के डीएम चंद्रशेखर सिंह का कहना था कि सरकार का काम इम्तेहान करवाना है लेकिन उम्मीदवारों के ठहरने का कोई इंतजाम कराना सरकार की जिम्मेदारी नहीं है और न ही प्रशासन को सरकार की तरफ से इस तरह का कोई निर्देश मिला है। पटना जैसा हाल जहानाबाद और आरा में भी था। होटल मालिकों ने कमरों के किराये बढ़ा दिये। मुजफ्फरपुर में बारिश हो रही थी, छात्र सड़क पर थे, किसी तरह परीक्षा केंद्र पहुंचे तो वहां भी पानी भरा हुआ था। आलम ये था कि नौकरी की उम्मीद में पहुंचे लड़के लड़कियां पानी में भींगते हुए, जूते चप्पल हाथ में लेकर, दो-दो फीट पानी से गुजर कर परीक्षा केंद्र पहुंचे। नालंदा में 32 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यहां सुबह से बारिश भी हो रही थी। परीक्षा केंद्रों के आसपास के इलाके में पानी भरा हुआ था जिसकी वजह से ट्रैफिक जाम हो गया। सुबह जब हजारों युवा परीक्षा केंद्रों के लिए निकले तो उन्हें बारिश, जलभराव और ट्रैफिक जाम, तीनों का सामना करना पड़ा। कई परीक्षार्थी वक्त पर नहीं पहुंच पाए। इन लोगों को परीक्षा केंद्र के हॉल में घुसने से रोक दिया गया। बहुत से नौजवान तो वहीं बैठकर रोने लगे। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने माना कि परीक्षा देने वालों की संख्या ज्यादा है, इसलिए दिक्कतें हुई लेकिन बड़ी बात ये है कि उन्होंने बिहार के लोगों से नौकरी का जो वादा किया था, उसे पूरा कर रहे हैं, इसकी तारीफ होनी चाहिए। बिहार भाजपा के अध्यक्ष सम्राट चौधरी का कहना है कि जब 80 हजार स्टूडेंट्स पहले ही रळएळ की परीक्षा पास कर चुके हैं, तो फिर उन्हें नौकरी देने के लिए इढरउ की तरफ से परीक्षा क्यों कराई जा रही है, इस परीक्षा का कोई मतलब ही नहीं है। जिन्होंने रळएळ की परीक्षा पास की है, उन्हें सीधे नौकरी मिलनी चाहिए।

# ब्रिक्स विस्तार को लेकर भारत का रूख सकारात्मक

**सुनील कुमार महला**

हाल ही में हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में 22 से 24 अगस्त 2023 तक आयोजित 15वें अंतरराष्ट्रीय ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया।

इस सम्मेलन में पांच सदस्य देशों को शामिल किया गया हैं जिनमें क्रमशः ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका हैं तथा जिसमें राष्ट्राध्यक्ष या सरकार के प्रमुख भाग लेते हैं। ब्रिक्स की स्थापना वर्ष 2006 में हुई थी और इसका पहला शिखर सम्मेलन 2009 में रूस में हुआ था। शुरूआत में इसमें कुल चार देश ब्राजील, रूस, भारत और चीन शामिल थे। बाद में ब्रिक्स समूह देशों की सहमति से दक्षिण अफ्रीका को भी वर्ष 2010 में इसमें शामिल किया गया था। उल्लेखनीय है कि ब्रिक्स आपसी आर्थिक विकास की गतिविधियों को गतिशीलता प्रदान करने एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम के लिए कार्य करता है। हाल ही में इसमें कुछ और देशों को भी शामिल किया गया है,जिसकी इस आर्टिकल में आगे बात करेंगे। हाल फिलहाल, प्रश्न यह उठता है कि आखिर ब्रिक्स है क्या और इस समूह के उद्देश्य क्या हैं?

ब्रिक्स दुनिया की अग्रणी उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं, अर्थात ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका देशों के शक्तिशाली समूह का एक संक्षिप्त रूप है। ब्रिक्स तंत्र का मुख्य उद्देश्य शांति, सुरक्षा, विकास और सहयोग को बढ़ावा देना है। उल्लेखनीय है कि ब्रिक्स का मुख्यालय चीन के शंघाई में है। ब्रिक्स के सम्मेलन हर साल आयोजित होते हैं। यह जानना रूचिकर होगा कि ब्रिक शब्द का पहली बार प्रयोग वर्ष 2001 में गोल्डमैन के जिम ओ नील द्वारा किया गया था। वर्तमान समय की बात करें तो ब्रिक्स देशों के पास दुनिया का 25.9 प्रतिशत भू-भाग एवं 43 प्रतिशत आबादी है। विश्व के सकल घरेलू उत्पाद में इनका योगदान करीब 30 प्रतिशत है और ये देश सकल वैश्विक पूंजी का 53% आकर्षित करते हैं। भारत के लिए ब्रिक्स का महत्व यह है कि भारत आर्थिक मुद्दों पर परामर्श और सहयोग के साथ-साथ सामयिक वैश्विक मुद्दों, जैसे- अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में सुधार आदि के माध्यम से ब्रिक्स की सामूहिक ताकत से लाभान्वित हो सकता है। बहरहाल, यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने भी 67 देशों के नेताओं को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया गया था, जिसमें 53 अन्य अफ्रीकी देश, बांग्लादेश, बोलीविया, इंडोनेशिया और ईरान शामिल हैं। वर्ष 2019 के बाद ये पहली बार है जब यह सम्मेलन ऑफलाइन आयोजित किया गया है। वास्तव में दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में आयोजित यह ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समूह के लिए एक महत्वपूर्ण घटना थी।

इस शिखर सम्मेलन के परिणामस्वरूप कई महत्वपूर्ण बातें हमारे सामने आई हैं, जिनमें ब्रिक्स के विस्तार में अर्जेंटीना, मिस्त्र, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात(यूएई) का शामिल होना बहुत ही अहम होने के साथ ही विश्व के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

# क्यों बैठा हिन्दू राष्ट्र नेपाल चीन की गोद में

ये जब्र भी देखा है, तारीख की नजरों ने,
लम्हों ने खता की थी, सदियों ने सजा पाई।

इन पंक्तियों के रचियता शायर मुजफ्फर कैरानवी ह्लनज्मीह्न ने इस शेर को लिखते समय यह शायद नहीं सोचा होगा कि ये पंक्तियाँ भारत के तथाकथित मिस्टर क्लीन प्रधानमंत्री जो राजनीति का एबीसी भी नहीं जानते थे मगर एक शहीद प्रधानमंत्री की कोख से जन्म लेने के कारण, भारत जैसे बड़े और महान देश के सबसे कम उम्र प्रधानमंत्री मंत्री मनोनीत कर दिए गये, भारत के इतिहास में सबसे अधिक गलतियाँ करने वाले प्रधान मंत्री राजीव गांधी पर पूरी तरह चरितार्थ हो जायेंगी। मगर अपनी स्वयं की एक अविस्मरणीय गलती श्री लंका में लिट्टे के विरुद्ध भारतीय सेना भेजने के कारण शहीद हो जाने से, उनके सारे अपराध भारत की परम्परा के अनुरूप, ह्यमरने वाले व्यक्ति के सारे अपराध भुला दिए जाते हैंह्न के चलते एक अनुभवहीन व्यक्ति के रूप में किये गये उनके सारे राजनैतिक अपराध दर किनार कर उन्हें शहीद का दर्जा प्रदान कर दिया गया। आज हम आपको उनके एक भयंकर राजनैतिक अपराध से अवगत कराते हैं।

इतिहास हमेशा सच नहीं होता मगर वह कई ऐसी बातों को भी सामने ला देता है जिसे किसी शासक या उसके पश्चातवर्तियों ने छिपाने की कोशिश की हो, भारत में तो यह आम बात है जिसकी चर्चा हम अक्सर सुनते रहते हैं। आज हम चर्चा करेंगे कि किस तरह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने ह्यएक मात्र हिन्दू राष्ट्र नेपालह्न में चीन की घुसपैठ की परिस्थितियों का निर्माण किया। यह कोई पडौसी या राजनैतिक पृष्ठभूमि नहीं थी, बल्कि यह एक व्यक्तिगत खुन्नस का परिणाम थी।

आज नेपाल भारत से दूर और चीन से नजदीक हो चुका है और इसकी शुरूआत राजीव गांधी के कार्यकाल में हुई थी। वर्ष 1988-89 में भारत और नेपाल के बीच भारत द्वारा नेपाली राजनैतिक दलों को प्रश्रय देने के कारण सामंजस्य अच्छा नहीं चल रहा था। राजीव गांधी के शासनकाल के बाद से ही भारत-नेपाल के संबंधों में दरार आई, जो आजतक जारी है। तत्कालीन नेपाल नरेश (राजा) भारत से नाराज थे, क्योंकि भारत ने डेमोक्रेटिक मूवमेंट पार्टी के



नेताओं को समर्थन दिया था। इसे सुधारने के लिए साल 1989 में जब राजीव के काठमांडू दौरे पर सोनिया के साथ पहुंचे तो माना जा रहा था कि इस दौरे से भारत-नेपाल के संबंधों में सुधार आयेगा, दोनों देशों की कड़वाहटें खत्म हो जाएंगी, पर ऐसा नहीं हुआ।

उस वक्त नेपाल विश्व का एकमात्र हिंदू राष्ट्र था। बाद में धर्मनिरपेक्ष बना। इस यात्रा पर राजीव गांधी और सोनिया ऐतिहासिक पशुपतिनाथ मंदिर जाने वाले थे। इस बारे में नेपाल नरेश वीरेंद्र और राजीव के बीच बातचीत भी हो चुकी थी। लेकिन राजीव जब सोनिया के साथ पशुपति नाथ मंदिर पहुंचे तो मंदिर के पुजारियों ने सोनिया गांधी के मंदिर में प्रवेश को लेकर जमकर विरोध कर दिया। पुजारियों का कहना था कि मंदिर में गैर हिंदुओं का प्रवेश निषेध है और सोनिया मूल रूप से ईसाई हैं। नरेश वीरेंद्र ने भी पुजारियों को समझाया लेकिन मंदिर के पुजारी अपनी जिद पर अड़े रहे। वस्तुत: जितने भी ज्योतिर्लिंग हैं वहां पर गैर हिंदुओं का प्रवेश वर्जित है, इसी वजह से पशुपति नाथ के पुजारी सोनिया का विरोध कर रहे थे। बात आयी गयी हो जानी चाहिए थी पर इस बात पर अनुभवहीन राजीव चिढ़ गए और वो मंदिर गए बिना ही लौट आये और भारत आने के बाद नेपाल की बबार्दी का खेल शुरू कर दिया गया।

रॉ के पूर्व स्पेशल डायरेक्टर अमर भूषण की किताब "इनसाइड नेपाल" में विस्तार पूर्वक बताया गया है कि कैसे संवैधानिक लोकतंत्र के नाम पर राजीव गांधी के निर्देश पर ह्यकोवर्ट ऑपरेशन्सह्न लांच कर नेपाल की भारतसमर्थक हिन्दू राजशाही को सत्ता से हटाया गया। अमर भूषण की पुस्तक 'इनसाइड नेपाल' के अनुसार राजीव गांधी के निर्देश पर किये गए कोवर्ट ऑपरेशन्स की प्रकृति का भी उल्लेख है और यह भी बताया गया है कि किस प्रकार तत्कालीन नेपाल के विपक्षी दलों के संग मिलकर गुप्त तरीके से नेपाल के पूरे राजशाही सिस्टम को ध्वस्त कर दिया गया।

उस समय अमर भूषण, जो चीफ ऑफ ईस्टर्न ब्यूरो ऑफ रॉ थे, को एक नकली नाम जीवनाथन देकर उनकी पहचान छिपाकर इन ऑपरेशन को अंजाम देने का दायित्व सौंपा गया था। उन्हें एक यूनिट बनाकर नए जासूसों को भर्ती कर राजा वीरेंद्र वीर विक्रम शाहदेव की राजशाही का तख्तापलट कर नेपाल में संवैधानिक लोकतंत्र स्थापित करने का काम दिया गया था। तत्कालीन राजीव गांधी की कांग्रेस सरकार ने नेपाल के हिन्दू राजशाही की सत्ता समाप्त करने हेतु उस समय नेपाल में चल रहे जनआंदोलनों का समर्थन किया था। सैंकड़ों वर्षों से जो नेपाल राजपरिवार भारत के प्रति समान धर्म व संस्कृति के कारण मित्रतापूर्ण आचरण करता रहा, स्नेह व विश्वास का भाव रखता रहा था, उसी नेपाल के राजपरिवार के संग राजीव गांधी ने यह राजनैतिक खेल खेला और रॉ द्वारा प्रायोजित जनआंदोलन के नाम पर नेपाल के हिन्दू राजपरिवार को सत्ता से हटाने का षड्यंत्र रच दिया गया।

स्मरणीय है कि राजीव गांधी की, नेपाल नरेश वीरेन्द्र वीर विक्रम शाहदेव के संग नेपाल में लोकतंत्र लागू करने की वार्ता कई दौर की बातचीत के बाद जब विफल हो गयी, तब राजीव गांधी ने भारत से नेपाल जाने वाली खाद्य सामग्री व अन्य आवश्यक वस्तुओं पर रोक लगा दी और नेपाल नरेश को नेपाल में लोकतंत्र लागू करने के लिए बाध्य किया गया।

नेपाल के राजपरिवार को, जिसका का लगाव व झुकाव सदैव भारत की ओर था, यह लगाव इस हद तक था कि भारत के स्वतंत्र होने पर 1950 में नेपाल के राजपरिवार ने खुद राजपाट त्यागकर नेपाल का भारत में एक राज्य के रूप में विलय का प्रस्ताव तक रख दिया था।

रॉ की हरकतों से परेशान होकर जिस नेपाल ने तबतक चीन से दूरी बनाये रखी थी, उसे उसी चीन से सहायता मांगनी पड़ी। पूर्व भारतीय पीएम राजीव गांधी ने नेपाल के हिन्दू राजपरिवार को सत्ता को उखाड़कर वामपंथियों और चीन समर्थकों के सत्ता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त कर दिया था। पूर्व स्पेशल डायरेक्टर रॉ के अनुसार भारत के प्रति सदैव लगाव व झुकाव रखने वाले नेपाल के राजपरिवार के विरुद्ध राजीव गांधी ने रॉ के द्वारा प्रचंड के माध्यम से वामपंथी आंदोलन शुरू करवाये थे।

# हर-हर महादेव जयकारों के बीच धूमधाम से निकली पालकी यात्रा

## सागर के डमरू वादक टीम रही मुख्य आकर्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** डमरु व झांझर की गगगनभेदी झंकारों और हर-हर महादेव जयघोष के बीच धूमधाम से राजाधिराज मत्स्यगयेन्द्रनाथ की पालकी यात्रा निकली। रामघाट में पालकी का विधिविधान से पूजन-अर्चन और आरती हुई। झूमते-नाचते सैकड़ों भक्तों ने छोटी परिक्रमा लगाई। भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ। भक्तों को प्रसाद बांटा गया। राजाधिराज को 56 भोग लगाया गया।



सावन के अंतिम सोमवार को परम्परागत राजाधिराज मत्स्यगयेन्द्रनाथ सरकार की पालकी यात्रा धूमधाम से निकली। मंदिर ट्रस्ट की ओर से पालकी यात्रा की भव्यता को सागर के डमरू वादकों की टीम बुलाई गई थी। डमरू झांझर की गूंज और हर-हर महादेव के जयकारों के बीच पालकी यात्रा दिव्य प्रतीत हो रही थी। यात्रा में सेठजी की बगिया के वेदपाठी छात्रों के मंत्रोच्चार और संत-महंतों की मौजूदगी ने चारचांद लगा दिए। पालकी यात्रा का जगह-जगह पूजन और आरती हुई। छोटी परिक्रमा कर यात्रा मंदिर में समाप्त हुई। भजन-संध्या के बाद शाम को महाआरती पुजारी विपिन बिहारी ने की। इसी मौके पर 56 भोग लगाकर राजाधिराज सरकार का विधिवत पूजन हुआ। आरती बाद भक्तों को हलुआ, खीर, मालपुआ का प्रसाद बांटा गया। देर शाम तक धार्मिक आयोजनों की धूम रही। भक्तों का अंतिम सोमवार को रात दस बजे तक तांता लगा रहा।

इस मौके पर महंत दिव्यजीवन दास, दीनदयाल दास, महंत सत्यप्रकाश दास, महंत वरुण प्रपन्नाचार्य, बरम बाबा महराज, आचार्य नवलेश दीक्षित, पुजारी विपिन बिहारी, मंदिर ट्रस्ट कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीपदास, मोहितदास, बृजेंद्र कृष्ण शास्त्री, गुलजारी लाल, राजेश शास्त्री, बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, व्यापारी विवेक अग्रवाल, अरुण गुप्ता, प्रदीप श्रीवास्तव एड, राजू आचार्य, योगेंदरदास महराज, अखिलेश आचार्य समेत बड़ी तादाद में भक्तजन मौजूद रहे।

### संयुक्त टीम ने की अंतिम सोमवार को जांच

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू अनुज मिश्र की देखरेख में डॉग स्क्वॉयड एवं एलआईयू की संयुक्त टीम ने सावन मास के अंतिम सोमवार पर सुरक्षा सतर्कता के मद्देनजर रामघाट पर संदिग्ध वस्तु एवं संदिग्ध लोगों की सघन जांच की। जांच में टीम को कोई भी संदिग्ध वस्तु व लोग नहीं मिले।



### घर में घुसकर मारपीट करने वाले पांच लोगों को हुई तीन-तीन साल की सजा, दस-दस हजार रुपये का जुमार्ना भी हुआ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जारी आपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित मामलों की पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निदेर्शों के अनुपालन में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय एवं पैरोकार प्रदीप कुमार सरोज की पैरवी से घर में घुसकर एकराय होकर मारपीट करने वाले पांच लोगों को अदालत ने तीन-तीन वर्ष की सजा व दस-दस हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

सोमवार को अभियोजन अधिकारी शशिकान्त यादव की प्रभावी बहस के नतीजतन न्यायालय विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति/जनजाति दीपनारायण तिवारी ने रैपुरा थाने में दर्ज मारपीट के मामले के आरोपी रामेश्वर पुत्र मिहीलाल, आशीष कुमार पुत्र रामेश्वर, अन्तु उर्फ दुर्गेश पुत्र रामेश्वर व सुरेश पुत्र देवकुमार निवासी वंशरुप का पुरवा मजरा भौंरी तथा इन्द्रजीत पुत्र जयराम निवासी बरकोट पुरवा मजरा भौंरी को तीन-तीन वर्ष की सजा व दस-दस हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

उल्लेखनीय है कि आठ जनवरी 2014 को न्यायालय के आदेश पर थाना रैपुरा में मारपीट का मामला रामलखन पुत्र भोलीराम निवासी वंशरुप का पुरवा मजरा भौंरी ने दर्ज कराया था।

# भाजपा शासन में बढी है गैर बराबरी: शिवशंकर सिंह यादव

## मनोनीत जिलाध्यक्ष व उपाध्यक्ष का हुआ स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा जिला कार्यालय में अम्बेडकर वादी समाजवादी नेता रामकिशोर कुरील एवं सपा के वरिष्ठ नेता ठा जितेंद्र सिंह का माल्यार्पण कर सपाइयों ने भव्य स्वागत किया। राम किशोर कुरील बाबा साहब वाहिनी के जिलाध्यक्ष मनोनीत हुए हैं। ठा जितेंद्र सिंह को जिला संगठन विस्तार करते हुए जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है।



सोमवार को मनोनयन पत्र देते हुए जिलाध्यक्ष शिव शंकर सिंह यादव ने कहा कि दोनों वरिष्ठ नेता समाज में अच्छी पकड़ रखते हैं। इनकी अपने समाज में अच्छी छवि है। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में सहूलियत एवं पार्टी को मजबूती मिलेगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार में महंगाई बढ़ी है। बेरोजगारी चरम पर और गैर बराबरी बढ़ी है, विकास कार्य रुके हैं।

इस मौके पर जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र यादव, मो गुलाब खां, मदन त्रिपाठी, सीताराम कश्यप, सियाराम गुप्ता, उमाकांत यादव, सुभाष पटेल, लवलेश यादव, राष्ट्रीय सचिव सपा अम्बेडकर वाहिनी मान सिंह पटेल, निजाम सिद्दीकी, अमर पटेल, रमेश चंद्र शास्त्री, गोपीचंद यादव, गौरी शंकर सोनी, राजा बाबू यादव, राजा यादव, शीलू यादव, अभिलाष यादव, रामबाबू वर्मा, जलाल खान आदि मौजूद रहे।

### एक वांछित-चार वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने एक वांछित व चार वारंटी दबोचे हैं। सोमवार को मऊ प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी ने अपराध निरीक्षक अभयराज सिंह व सिपाही सूरजपाल के साथ आत्महत्या को उकसाने के वांछित अर्जुन पुत्र संतोष तिवारी निवासी पुरा को गिरफ्तार किया है। चैकी प्रभारी शिवरामपुर श्यामदेव सिंह ने हमराही के साथ हत्या के वारंटी मुन्ना डोमार पुत्र सुक्खू निवासी बिहारा, वारंटी कृष्ण कुमार पाण्डेय पुत्र जगतपाल निवासी बगलई को गिरफ्तार किया है। भरतकूप थाने के वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह ने हमराही कालीचरन के साथ वारंटी राम कृपाल सिंह पुत्र स्व शिवनंदन सिंह निवासी बीहर पुरवा मजरा पहरा को गिरफ्तार किया है। भरतकूप थाने के दरोगा इमराम खान ने सिपाही अजीजुद्दीन के साथ वारंटी राजकरन पुत्र स्व तिजोल निवासी रौली कल्याणपुर को गिरफ्तार किया है।

### रंजिश में दबंगों ने युवक को जिंदा फूंका, झुलसा, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में एक युवक को पुरानी रंजिश के चलते दबंग ने जिंदा फूंकने का प्रयास किया है। क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। युवक को गंभीर दशा में प्रयागराज रेफर किया गया है।

ये मामला मऊ थाना क्षेत्र के भिटारी गांव का है। बताया गया कि छोटेलाल निषाद पुत्र प्राण पर गांव के दबंग ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इससे घटना स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में ग्रामीण उसे सीएचसी ले गये। प्राथमिक इलाज बाद डॉक्टरों ने प्रयागराज रेफर कर दिया। अधजले युवक ने बताया कि तीन युवकों ने उस पर तौलिया डालकर पीटा, फिर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग से जलने से युवक झुलस गया। मौजूद परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मऊ में भर्ती कराया। झुलसे युवक ने बताया कि परिवार से जुडे तीन लोग रविवार की शाम उसके पास आए। गाली-गलौज कर पीटने लगे। सिर पर तौलिया डालकर पेट्रोल डाल दिया। आग लगाकर भाग गए। ग्रामीणों की मदद से आग तो बुझ गई। शरीर का एक हिस्सा झुलस गया है। इस बाबत मऊ थाना प्रभारी राजेश द्विवेदी ने बताया कि अभी तक मामले की तहरीर किसी ने नहीं दी। घटना संज्ञान में है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी। आरोपियों की तलाश जारी है। मामला पारिवारिक बताया जा रहा है।

### सदमे से नहीं उबर पा रहा मृतक तीन किसान भाइयों का परिवार

**स्याना.(बुलंदशहर)। खान**पुर थाना क्षेत्र के गांव जाडौल में शानिवार को हुए दर्दनाक हादसे के बाद मृतक तीनो किसानों के परिवार हादसे से उबर नहीं पा रहा है। उन की मौत के बाद घर में कोहराम मचा हुआ है। गांव में माहौल गमगीन और मातम पसरा है।

शानिवार गांव जाडौल निवासी 42 वर्षीय कैलाश कश्यप पुत्र मंगत कि गांव के नजदीक ही ट्यूबवेल है। शनिवार सुबह पानी लगाने के लिए कैलाश दो पड़ोसियों 38 वर्षीय हंसराज जाटव पुत्र करण सिंह और 30 वर्ष से अनिल जाटव पुत्र सोना के साथ ट्यूबवेल पर पंपिंग सेट में ग्लैंड भरने के लिए पहुंचे। तीनों किसान भाई कुएं में उतर गए। जहरीली गैस मीथेन की चपेट में आने से बेहोश हो गए।

अस्पताल पहुंचने पर तीनों किसान भाइयों को मृत घोषित कर दिया। बुधवार की देर शाम तीनो मृतकों के शवों का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। इसके बाद गांव में माहौल गमगीन हो गया और लोगों के घरों में चूल्हे नहीं जले। मृतको के परिवार वाले अपने आप को संभाल नहीं पा रहे हैं। एक तरफ मृतको की पत्नी करो रो कर बुरा हाल है। उनके बच्चे की दहाड़े सुनकर कलेजा फटा जा रहा है। पीड़ित परिवार हादसे के बाद गहरे सदमे में है, दर्दनाक हादसे से उबर नहीं पा रहा है।

हादसे के बाद सदमे में आए बच्चे, रिश्तेदारों का तांता लग गया।

हादसे के दौरान घर के मृतक अनिल के दो पुत्र एक पुत्री पुत्री है। मृतक हंसराज के दो पुत्र एक पुत्री है। मृतक अनिल के एक वर्षीय पुत्री है। जोकि सदमे में है। घर में रोने की चीखें सुनकर बच्चे भी विचलित हो रहे थे, हादसे की सूचना मिलते ही रिश्तेदारों का तांता लग गया।

### मुजफ्फरनगर : छात्र की पिटाई मामले के बाद स्कूल बंद करने का आदेश

**मुजफ्फरनगर। उत्त**र प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के मंसूरपुर थाना क्षेत्र के खुब्बापुर गांव में स्थित नेहा पब्लिक स्कूल को बंद करने को आदेश दिया गया है। सोशल मीडिया पर एक समुदाय विशेष के छात्र की पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद ये कार्रवाई की गई है।

शुक्रवार को एक वीडियो सामने आया था। वीडियो में देखा जा सकता है एक महिला शिक्षक एक छात्र को अन्य छात्रों से थप्पड़ लगवा रही है। वीडियो वायरल होने बाद मामले की जांच में पता चला कि स्कूल की मान्यता एक वर्ष पूर्व ही खत्म हो चुकी थी।

बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2019 में स्कूल ने नर्सरी से कक्षा पांच तक की मान्यता ली था। यह अंतरिम रूप से तीन वर्ष के लिए दी जाती है। इसकी अवधि 2022 में पूरी हो चुकी है।

इसके बाद प्रबंधन ने लिए मान्यता रिन्यू नहीं कराया। बिना मान्यता के संचालित स्कूल को बंद करने के आदेश दिए गए हैं।

# सम्मेलन से हो चुके हैं सैकडों रिश्ते: पंकज अग्रवाल

## अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन बस स्टैंड स्थित श्याम दरबार में 104वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन हुआ। परिचय सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश एरन ने कहा कि पारिवारिक जिम्मेदारी निभाने का माध्यम है परिचय सम्मेलन। इसमें 360 अग्रवाल बंधुओं ने बच्चों के लिए रिश्ते तलाशे। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

सोमवार को सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश एरन ने अग्रवाल बन्धुओं से कहा कि परिचय सम्मेलन से सभी लोग एक छत के नीचे एकत्र होकर रिश्ते तलाशते हैं। समाज संगठित होता है। अग्रवाल परिचय पत्रिका का विमोचन भी हुआ। अगला 105वां अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन 24 सितंबर को ईसागढ़ मप्र में होगा। इसमें जो भी अग्रवाल बंधु आना चाहे, स्वागत है। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बांदा-चित्रकूट सहकारी बैंक चेयरमैन/समाजसेवी पंकज अग्रवाल ने अग्रवाल बन्धुओं का स्वागत करते हुए कहा कि सैकड़ों लोगों के रिश्ते सम्मेलन से हो चुके हैं। इससे सामाजिक बंधन मजबूती से बंध जाता है।




बतौर विशिष्ट अतिथि डॉ प्रबोध अग्रवाल ने समाज को संगठित करने की बात कही। भविष्य में ऐसे आयोजनों पर जोर दिया। राष्ट्रीय महामंत्री बबीता अग्रवाल ने कहा कि पिछले 103वें सम्मेलन में चार सौ युवक-युवती का पंजीयन हुआ था। लोग हर महीने पूरे देश में कहीं भी सम्मेलन करते हैं। ये कई सालों से चल रहा है। सम्मेलन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गर्ग, पीयूष मित्तल, राजीव अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, अमित अग्रवाल, स्वप्निल अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, निवेश अग्रवाल, परवेज अग्रवाल, रचित अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, श्रीमती नूपुर गोयल, श्रीमती मंजू गोयल, श्रीमती कविता मंगल, सुनील अग्रवाल, हर्षिनी जैन, सरिता गोयल, श्रीमती कविता मंगल, पदमा अग्रवाल, दीपा जैन, मोहिनी अग्रवाल, ममता सिंघल समेत आदि शामिल रहे। ये जानकारी निवेश अग्रवाल ने दी।

# महिला कल्याण ने मनाया लाडली कन्या जन्मोत्सव

## लडका-लडकी में न समझें अन्तर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला अस्पताल सोनपुर में सखी वन स्टॉप सेंटर व महिला सशक्तिकरण टीम ने केक काटकर और बेबीकिट देकर कन्या जन्मोत्सव मनाया। महिला कल्याण अधिकारी प्रिया माथुर ने बताया कि आज के दौर में लड़का-लड़की में कोई अंतर नही है। सरकार लड़कियों के लिए विभिन्न योजना चला रही है।



सोमवार को जिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव मनाते हुए महिला कल्याण अधिकारी प्रिया माथुर ने कहा कि लड़कियों के जन्म लेने पर भी खुशियां मनानी चाहिए। कहा कि लड़कियां हर जगह लड़को से आगे निकल रही हैं। उन्हें पढ़ाना चाहिए, उनका बाल विवाह नही करना चाहिए। वन स्टॉप सेंटर की काउंसलर/प्रभारी अर्चना साहू ने बताया कि सरकार कन्याओं का जन्मोत्सव मनाकर लोगों तक संदेश भेज रही है कि लोग लड़का- लड़की में अंतर न समझें। घर में लड़कियों को अच्छा माहौल दें, ताकि वे अपनी हर बात घर वालों से खुलकर कह सके। आज की लड़कियां हर क्षेत्र में हिस्सेदारी निभा रही है। घर में लड़की पैदा होने पर लोगों को लड़का पैदा होने के बाद समान रूप से खुशियां मनानी चाहिए। अर्चना साहू ने वन स्टॉप सेंटर के बारे में बताया कि किसी भी तरह की घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, लड़कियों के साथ छेड़छाड़, मारपीट होने पर सखी वन स्टॉप सेंटर में सूचना दे सकते हैं। जहां दोनों पक्षों को बुलाकर काउंसलिंग की जाती हैं। सुलह-समझौते से परिवार को पुनः बसाया जाता है। सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण को ढेरों योजनायें चलाई हैं। ऐसे आयोजन से लोगों में जागरूकता आ रही है। जिला समन्वयक मीनू ने कन्या जन्मोत्सव के महत्व के बारे में बताया। कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, 181 हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी।

### डीएम ने मडफा शिव मन्दिर में पूजा कर दिये विकास के निर्देश, शिव मन्दिर जाने के रास्ते को करें चौडा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने भरतकूप क्षेत्र के मडफा शिव मंदिर के पर्यटन विकास को लेकर निरीक्षण किया। मडफा शिव मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया। सोमवार को जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि मडफा शिव मंदिर को विद्युत, पानी, यात्री शेड निर्माण को प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजें। सुंदरीकरण के कार्य होंगे। उन्होंने एक्सईएन जल निगम से कहा कि जल जीवन मिशन के तहत शुद्ध पेयजल को पाइपलाइन खोह गांव के पुरवा तक आई है, उसे बढ़ाकर शिव मंदिर के रास्ते नीचे तक पेयजल व्यवस्था करायें। एक्सईएन विद्युत से कहा कि विद्युत व्यवस्था को मंदिर तक का प्रस्ताव बनाकर पर्यटन अधिकारी को उपलब्ध करायें। सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता यूपीपीसीएल से कहा कि ऊपर मंदिर तक पेयजल की व्यवस्था को नीचे बोरिंग सीडब्ल्यूआर, टैंक आदि की व्यवस्था को प्राक्कलन तैयार करा लें। जो मुख्य सड़क से मंदिर को रास्ता जाता है, उसे भी चैड़ा कराया जाए। मंदिर के नीचे ही पार्किंग की व्यवस्था करायें। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी विभागों से संपर्क कर एक सप्ताह के भीतर कार्यों का प्राक्कलन तैयार कराकर शासन को भेजा जाए।

# एसपी के निर्देंश पर साइबर शिकार को लौटाये 16 लाख रुपये

## एसपी ने साइबर ठगी से बताये बचाव के उपाय



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर 43 साइबर अपराध पीडितों के 16 लाख 36 हजार 668 रुपये वापस कराये। मौजूदा समय में बढते साइबर अपराध रोकने व आमजनता को राहत दिलाने की गरज से जारी अभियान में पुलिस अधीक्षक ने 43 पीडितों की धनराशि वापस कराई।

सोमवार को पुलिस कार्यालय में राघव प्रेक्षागार में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला व एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी तथा क्षेत्राधिकारी कार्यालय शिवप्रकाश सोनकर की देखरेख में साइबर सेल प्रभारी/निरीक्षक विजय सिंह की टीम ने 43 साइबर अपराध पीड़ितों के रुपये उनके खातों में वापस कराये हैं। साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह, सिपाही सर्वेश कुमार, सिपाही हरिशचन्द्र, सिपाही प्रशांत कुमार ने 43 पीडितों की शत-प्रतिशत धनराशि वापस कराई है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान में आमजनता व बैंक आने-जाने में होने वाले समय से बचने को भारत सरकार के डिजिटल लेन-देन प्रोत्साहित करने के क्रम में जिनके पास एन्ड्राइड मोबाइल फोन हैं, आनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे हैं, लेकिन इस कार्य में जरा सी असावधानी होने पर साइबर ठगी के कुछ लोग शिकार भी हो रहे हैं। आनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ लेने वाले को ये जानकारी जरुरी है कि कैसे साइबर ठगी से बच सकते हैं। उन्होंने ठगी से बचने के तमाम उपाय बताये। साइबर फ्राड होने पर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर तुरंत कॉल करें।

## बांग्लादेश के पूर्व मंत्री मोतिउर रहमान का निधन

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व केंद्रीयमंत्री और अवामी लीग के प्रमुख स्तंभ मोतिउर रहमान का रविवार रात करीब 11 बजे निधन हो गया। उन्होंने नेक्सस अस्पताल में 81 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने उनके निधन पर शोक जताया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उनके बड़े भाई जियाउद्दीन अहमद और मैमनसिंह जिला अवामी लीग के महासचिव मोअज्जम हुसैन बाबुल ने मोतिउर रहमान के निधन की पुष्टि की है। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और तीन बेटियां हैं। वह लंबे समय से बीमार थे। नेक्सस अस्पताल में उनका इलाज हो रहा था। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन और प्रधानमंत्री शेख हसीना सोमवार सुबह शोक संदेश में पूर्व धार्मिक मामलों के मंत्री और स्वतंत्रता सेनानी मोतिउर रहमान के निधन पर गहरा दुख जताया है। राष्ट्रपति ने कहा कि बांग्लादेश मुक्ति संग्राम और शिक्षा क्षेत्र में मोतिउर रहमान के योगदान को हमेशा याद रखेगा। एकुशी पदक पुरस्कार विजेता के निधन से देश को अपूरणीय क्षति हुई है। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा कि मोतिउर रहमान अवामी लीग के समर्पित नेता थे। उन्होंने बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के नक्शेकदम पर चलते हुए अपनी सभी जिम्मेदारियां पूरी कीं। उन्होंने तीन दशकों से अधिक समय तक मैमनसिंह जिला अवामी लीग का नेतृत्व किया और मुक्ति संग्राम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के प्रशिक्षक और सफल आयोजक के रूप में कार्य किया।



## भारतीय मूल के युवक की हत्या के मामले में चार पर आरोप तय, कत्ल की वजह अभी तक साफ नहीं

**लंदन।** ब्रिटेन में पुलिस ने भारतीय मूल के चार युवकों पर भारतीय मूल के ही एक अन्य युवक की हत्या के मामले में आरोप तय किए हैं। मृतक एक डिलीवरी ड्राइवर था और बीते सोमवार को आरोपियों ने उस पर हमला किया था। हत्या की वजह अभी तक साफ नहीं है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि पश्चिमी इंग्लैंड के श्रुबुरी इलाके में 23 साल के ओरमान सिंह पर हमला हुआ था। इस हमले में ओरमान की मौत हो गई थी। ओरमान एक डिलीवरी ड्राइवर था। जांच के दौरान पुलिस ने शक के आधार पर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अर्शदीप सिंह (24), शिवदीप सिंह (26), जगदीप सिंह (22), मनजोत सिंह (24) के नाम शामिल हैं। एक पांचवें आरोपी पर एक आरोपी की मदद का आरोप था लेकिन उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि वह मामले की जांच कर रहे हैं और हत्या की वजह का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस ने कहा कि हम जानते हैं कि ओरमान सिंह एक डिलीवरी ड्राइवर था लेकिन हमें नहीं लगता कि हत्या की वजह ये थी, डकैती के एंगल से भी जांच नहीं की जा रही है। पुलिस ने बताया कि हमें लगता है कि आरोपी और मृतक एक दूसरे को जानते थे। पांचों श्रुबुरी के रहवासी भी नहीं थे। फिलहाल जांच चल रही है। वहीं मृतक के परिवार ने एक बयान जारी कर कहा है कि इस त्रासदी को बयान करने के लिए उनके पास शब्द नहीं हैं। परिवार ने पुलिस को जांच के लिए धन्यवाद भी दिया।

## इमरान खान की बिगड़ती सेहत से डरी पाकिस्तान सरकार, जेल में बढ़ाई सुविधाएं

**इस्लामाबाद।**पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जेल में कई सुविधाएं दी जा रही हैं। इसके तहत इमरान खान के लिए जेल में आधुनिक शौचालय बनाया गया है। पंजाब के आईजी जेल मियां फारुख नजीर ने अटक जेल का दौरा किया। इमरान खान अटक जेल में ही बंद है। मियां फारुख नजीर ने बताया कि इमरान खान ने भी उन्हें जेल में मिल रहीं सुविधाओं पर संतोष जाहिर किया है।जेल अधिकारियों के अनुसार, इमरान खान की जेल के बाहर लगे सिक्योरिटी कैमरे की भी जगह बदलने की समीक्षा की जा रही है। बता दें कि इमरान खान ने आरोप लगाया था कि सिक्योरिटी कैमरे की वजह से उनकी निजता का उल्लंघन हो रहा है क्योंकि उनके शौचालय की दीवार बहुत छोटी है और सिक्योरिटी कैमरे से जेल के भीतर का सब दिखता है। इसके बाद इमरान खान की जेल कोठरी में एक आधुनिक शौचालय बनवाया गया और कैमरे को भी उस जगह से हटाने के लिए समीक्षा हो रही है। इसके अलावा इमरान खान को जेल नियमों के मुताबिक एक गद्दा, तकिया, चादर, कुर्सी और एक कूलर दिया गया है। इनके अलावा इमरान खान को एक पंखा, दुआ के लिए कमरा, पवित्र कुरान की प्रति और किताबों के साथ ही अखबार, खजूर, शहद, टिश्यू पेपर और परफ्यूम भी दिए गए हैं।

# जापान का चंद्र मिशन फिर निलंबित, तीसरी बार भी नहीं हो सकी लॉन्चिंग

**टोक्यो।** जापान का चंद्र मिशन एक बार फिर निलंबित हो गया है, क्योंकि खराब मौसम के चलते तीसरी बार 'चंद्र मिशन' की लॉन्चिंग नहीं हो सकी। सोमवार को जापान के चंद्र मिशन को उड़ान भरने से 30 मिनट पहले ही रोकने का फैसला किया गया, क्योंकि लॉन्चिंग के लिए मौसम सहीं नहीं था। अब अगली लॉन्चिंग कब होगी, यह तय नहीं है।

जापान की अंतरिक्ष एजेंसी 'जाक्सा' अपने सबसे विश्वसनीय हैवी पेलोड रॉकेट से एक एडवांस इमेजिंग सैटेलाइट और एक हल्के वजनी लैंडर को चांद पर भेजनी वाली थी। जापान के इस मिशन को 'स्मार्ट लैंडर फॉर इनवेस्टिगेटिंग मून' यानी स्लिम कहा जा रहा है। इसकी सटीकता की वजह से इसे मून स्नाइपर भी कहा जा रहा है। मिशन के मुताबिक जापान का लैंडर जनवरी में चांद की सतह पर लैंड करता, लेकिन खराब मौसम के चलते यह लॉन्चिंग टालनी पड़ी। इससे पहले शनिवार की सुबह मिशन को लॉन्च किया जाना था, लेकिन खराब मौसम के चलते इसे रविवार के लिए टाल दिया गया। रविवार को दूसरी बार इसे सोमवार तक के लिए टाला गया, किन्तु सोमवार को भी मौसम अनुकूल न रहने पर जापानी अंतरिक्ष एजेंसी ने फिलहाल मिशन को टालने का फैसला किया है।

रॉकेट तैयार करने वाली मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया है और ना ही लॉन्चिंग की अगली तारीख का ऐलान किया है। जापान यदि चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने में सफल रहा, तो वह ऐसा करने वाला भारत के बाद पांचवां देश बन जाएगा।

बीते हफ्ते ही रूस का लूना-25 मिशन चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग में विफल रहा था। हालांकि, भारत के चंद्रयान-3 मिशन ने सफलतापूर्वक लैंडिंग करके इतिहास रच दिया। अमेरिका, रूस, चीन और हाल ही में भारत चांद की सतह पर सफल लैंडिंग कर चुके हैं।



## मतपत्र में 'नो वोट' का विकल्प, 50 प्रतिशत नो वोट आने पर रद्द होगा चुनाव

**काठमांडू।** नेपाल में निर्वाचन आयोग की तरफ से चुनाव कानून को लेकर बडे फेरबदल करने का प्रस्ताव रखा गया है। इन प्रस्तावों में सबसे महत्वपूर्ण मतपत्र में नो वोट का विकल्प दिया जाना है। किसी भी क्षेत्र में 50 प्रतिशत से अधिक 'नो वोट' आने पर चुनाव को रद्द करने तक का प्रावधान रखा गया है। नेपाल के निर्वाचन आयोग के प्रमुख निर्वाचन आयुक्त दिनेश थपलिया ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बुलाकर निर्वाचन से संबंधी कानूनों में फेरबदल के प्रस्ताव के बारे में बताया। सोमवार को काठमांडू में निर्वाचन आयोग के मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख निर्वाचन आयुक्त ने कानून में प्रस्तावित फेरबदल को लेकर सभी राजनीतिक दलों से राय मांगी है।

कार्यक्रम में थपलिया ने कहा कि भारत सहित दुनिया के कई देशों में इस तरह की व्यवस्था है। लोकतंत्र में समय पर चुनाव होने और चुनावों में आम मतदाता को सभी विकल्प का अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए नेपाल में भी यह प्रस्ताव लाया गया है। उन्होंने कहा कि देश में नया संविधान जारी करते समय ही 'नो वोट' का विकल्प रखने को लेकर बार-बार बहस की गई थी, लेकिन राजनीतिक कारणों से यह संभव नहीं हो पाया। थपलिया ने कहा कि एक बार फिर से चुनाव से जुड़े नियमों को बदलने के लिए प्रस्ताव लाया गया है।

नो वोट के अलावा देश में सही समय पर चुनाव हो, किसी भी बहाने से चुनाव को टालने का प्रयास ना किया जाए और चुनाव की तारीख तय करने का अधिकार निर्वाचन आयोग को मिले, इसके लिए भी नए कानून का प्रस्ताव किया गया है। प्रमुख निर्वाचन आयुक्त ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को बताया कि नए प्रस्तावित कानून में स्थानीय निकाय, प्रदेश सभा और संघीय संसद के लिए चुनाव चार वर्ष 11 महीने के बाद आने वाले पहले रविवार को हर हाल में मतदान संपन्न कराने की बात उल्लेख है। नेपाल में निर्वाचन की तारीख तय करने का अधिकार अब तक नेपाल सरकार के पास ही है। कैबिनेट की बैठक से चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जाता है और निर्वाचन आयोग सिर्फ इसे संपन्न कराने का काम करता है। इस प्रावधान को लेकर राजनीतिक दलों में ही मतभेद है। सत्ता में रहने वाले दल अपनी सुविधा के मुताबिक तारीख तय करते हैं। नेपाल के संविधान में सरकार को एक और विशेषाधिकार दिया गया है कि आपातकाल सी अवस्था में चुनाव को नियत समय से छह महीने तक के लिए टाला जा सकता है। निर्वाचन आयोग की तरफ से प्रस्तावित नए कानून में सरकार के इस विशेषाधिकार का उपयोग आयोग को देने की बात कही गई है।




## फॉक्सकॉन के संस्थापक टैरी गोउ फिर लड़ेंगे ताइवान के राष्ट्रपति का चुनाव

**नई दिल्ली।** दो बार ताइवान का राष्ट्रपति बनने की कोशिश में चुनाव हार चुके दिग्गज तकनीकी कंपनी फॉक्सकॉन के संस्थापक टैरी गोउ ने 2024 में एक बार फिर ताइवान के राष्ट्रपति का चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। गोउ इस बार बतौर निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरेंगे। ताइवान में अगले साल जनवरी में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। फॉक्सकॉन के संस्थापक टैरी गोउ ने इस चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतने का फैसला किया है। निर्दलीय चुनाव लड़कर ताइवान का राष्ट्रपति बनने के लिए गोउ को 2,90,000 मतदाताओं के हस्ताक्षरों की जरूरत होगी। टैरी गोउ के अलावा मौजूदा उप-राष्ट्रपति लाई चिंग ते भी ताइवान के राष्ट्रपति बनने की दौड़ में हैं। लाई चिंग ते ताइवान की मौजूदा सत्ताधारी पार्टी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के सदस्य हैं और फिलहाल सबसे मजबूत उम्मीदवार हैं। दिग्गज तकनीकी कंपनी फॉक्सकॉन के संस्थापक और सीईओ टैरी गोउ ताइवान के अरबपति बिजनेसमैन हैं। फॉक्सकॉन दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रोनिक्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी है, जो एप्पल की सप्लायर कंपनी है। इस कंपनी में सात लाख से ज्यादा कर्मचारी काम करते हैं। वर्ष 2016 में टैरी गोउ ने फॉक्सकॉन से इस्तीफा देकर ताइवान की राजनीतिक पार्टी कूमिंतांग की सदस्यता ले ली थी। इसके बाद टैरी गोउ ने ताइवान के राष्ट्रपति चुनाव में किस्मत आजमाई, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी। इसके बाद टैरी गोउ ने वर्ष 2019 में कूमिंतांग पार्टी की सदस्यता छोड़ दी थी। वर्ष 2020 में ताइवान का राष्ट्रपति चुनाव लड़ते समय टैरी गोउ ने कहा था कि उन्हें समुद्र की देवी ने सपने में आकर राष्ट्रपति चुनाव लड़ने का आदेश दिया था और वे उनके निर्देश पर ही चुनाव लड़ रहे हैं।



## कराची में इमरान खान समर्थकों पर लाठीचार्ज, दर्जनों गिरफ्तार

**कराची।** कराची पुलिस ने जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के दर्जनों समर्थकों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। इन लोगों ने



अपने नेता की गिरफ्तारी के विरोध में बाइक रैली निकाली थी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि रैली को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इसके बाद पीटीआई के दर्जनों समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया। यह लाठीचार्ज शराए फैसल के नर्सरी बस स्टॉप पर किया गया। पीटीआई समर्थकों को गिरा-गिरा कर पीटा गया।

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बाढ़ से हालात बिगड़े, कई जगह सेना ने मोर्चा संभाला

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर और बहावलपुर में आसपास के इलाकों में बाढ़ से हालात बिगड़ गए हैं। नदी-नाले उफान पर हैं। बाढ़ से घिरे निचले इलाकों में कई स्थानों पर सेना को राहत और बचाव कार्य में लगाया गया है। यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स में पंजाब के राहत आयुक्त नबील जावेद, पंजाब में रेस्क्यू 1122 के प्रवक्ता फारूक अहमद, उपायुक्त जहीर अनवर जप्पा और पाकिस्तान रेडियो के हवाले से कहा गया है कि लोग दहशत में हैं। बांध सतलज नदी के रौद्र रूप का सामना नहीं कर सके। इससे शहर के बाहरी इलाके में तीन मुख्य गांव जलमग्न हो गए। घरों में दरारें आ गई हैं। बड़े भू-भाग में तैयार फसल चौपट हो गई है। रविवार को सतलुज की तबाही की सबसे ज्यादा मार वीस्लान, सहलान और लाल दे गोथ की बस्तियों में पड़ी। यह गांव शहर के करीब हैं। इसलिए संभावित बाढ़ को लेकर आम जनता में चिंता है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उपायुक्त जहीर अनवर जप्पा ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद कहा है कि उफनती नदी के किनारे के अन्य ग्रामीणों और शहरी इलाकों के नागरिकों की सुरक्षा के प्रयास जारी हैं। प्रभावित लोगों के लिए राहत और चिकित्सा शिविर खोले गए हैं। बाढ़ ने लोधरान जिले की कहारोर पक्की तहसील को भी प्रभावित किया है। 23 से 26 अगस्त तक बहावलनगर, कसूर, ओकारा, पाकपट्टन, लोधरान, वेहारी और बहावलपुर में 970 लोगों को बचाया गया है। चिकित्सा शिविरों से 32,000 लोग लाभान्वित हुए। 300 बाढ़ प्रभावित परिवारों को राशन बांटा गया है।21,000 मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। पंजाब में बाढ़ से 480 गांव प्रभावित हैं।



# तालिबान राज में महिलाओं पर एक और पाबंदी, जारी हुआ यह नया फरमान

**काबुल।** अफगानिस्तान में पालन नहीं कर रही हैं, जिसके कारण उन्होंने सुरक्षाकर्मियों से महिलाओं को पर्यटन स्थल पर जाने से रोकने के लिए कहा था।

मंत्रालय के प्रवक्ता मौलवी मोहम्मद सादिक आकिफ ने शनिवार देर रात हनफी की टिप्पणियों की एक रिपोर्ट साझा की। आकिफ की रिपोर्ट के अनुरूप बामियान में मंत्री के भाषण की रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर साझा की गई थी। इसके बाद ह्यूमन राइट्स वॉच की एसोसिएट महिला अधिकार निदेशक हीदर बर्र ने एक ईमेल बयान में कहा, 'लड़कियों और महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और मुक्त आवाजाही से वंचित करने से संतुष्ट नहीं, तालिबान उनसे पार्क और खेल और अब प्रकृति भी छीनना चाहते हैं। धीरे-धीरे महिलाओं के लिए दीवारें बंद होती जा रही हैं क्योंकि हर घर एक जेल बनता जा रहा है। इससे पहले तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार ने महिलाओं को पार्कों सहित सार्वजनिक स्थानों का उपयोग करने पर रोक लगा दी थी। तब इसका कारण हिजाब सही ढंग से नहीं पहनने और पुरूषों से अलगाव नियमों का पालन नहीं करना बताया गया था।



**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## विवेक रामास्वामी ने की एलन मस्क की तारीफ, राष्ट्रपति चुने जाने पर बनाना चाहूंगा सलाहाकार

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति की दौड़ में शामिल होने वाले भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी ने एलन मस्क की तारीफ करते हुए कहा है कि अगर वे राष्ट्रपति चुने गए तो वो उनको अपना सलाहाकार बनाना चाहेंगे।

रामास्वामी ने कहा कि मुझे हाल ही में एलन मस्क को जानने का मौका मिला। मुझे उम्मीद है कि वह मेरे एक दिलचस्प सलाहकार होंगे, क्योंकि उन्होंने ट्विटर से 75 फीसद

बात का बड़ा उदाहरण है कि मैं अमेरिका के लिए क्या करना चाहता हूं। मैं एलन मस्क की







हमत हूं, क्योंकि उन्होंने कर्मचारियों को बाहर का न मस्क ने एक इंटरव्यू के उन्होंने अपनी कंपनी में कर्मचारियों की संख्या को घटा दिया है। पहले उनकी कंपनी में कर्मचारियों की संख्या आठ हजार थी, जो कटौती के बाद 1500 रह गई। पिछले सप्ताह ही मस्क ने कहा था कि उन्हें रामास्वामी एक बहुत ही आशाजनक उम्मीदवार लगे हैं।